संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 195 रविवार 18 मई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### इस्कॉन टेम्पल केस में सुप्रीम कोर्ट में बड़ी जीत



#### मंदिर की पवित्रता और सम्पत्ति को लेकर ऐतिहासिक फैसला

**नई दिल्ली,17 मई 2025(ए)।** इस्कॉन (अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ) को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। वर्षों से चल रहे कानूनी विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने आज इस्कॉन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए न केवल मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने का आदेश दिया, बल्कि उसकी सम्पत्तियों पर भी इस्कॉन का वैधानिक अधिकार सुनिश्चित कर दिया।

### आसमानी बिजली दुर्घटना में 14 लोगों की दर्दनाक मौत



**भुवनेश्वर,17 मई 2025(ए)।** ओडिशा से दर्दनाक खबर सामने आई है। जहां बिजली गिरने से एक ही दिन में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य का गंभीर हालत में अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि कोरापुट जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत ओडियापेंठ ग्राम पंचायत के पर्तिगुडा गांव में कालबैसाखी के कारण आंधी के साथ बारी बारिश हुई।

### 6 यूट्यूबर हुए गिरफ्तार



**मोतिहारी,17 मई 2025(ए)।** पूर्वी चंपारण में यूट्यूबरों की सनसनी फैलाने की होड़ अब उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। मोतिहारी के लखौरा थाना क्षेत्र से छह यूट्यूबरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,जो पुलिस की वर्दी पहनकर और नकली हथियारों के साथ वीडियो शूट कर रहे थे। यहां के छह युवक पुलिस की वर्दी पहनकर और नकली एके-47 जैसे हथियारों के साथ सोशल मीडिया के लिए वीडियो बना रहे थे।

### चर्चित यूट्यूबर गिरफ्तार



**नई दिल्ली,17 मई 2025(ए)।** भारत में सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ एक चर्चित ट्रैवल ब्लॉगर और यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को देश विरोधी गतिविधियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के साथ संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह 'ट्रैवल विद जो' नामक यूट्यूब चैनल चलाती है और पाकिस्तान यात्रा के दौरान वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट्स से उसके संबंध बने। इस केस में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो हरियाणा और पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े हैं।

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल चुनाव पर राजनीति

» कैसे चुना गया ऑपरेशन सिंदूर का ऑल पार्टी डेलीगेशन?

» सदस्यों के नाम पर क्यों हो रही राजनीति



**नई दिल्ली,17 मई 2025(ए)।** ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के संदर्भ में मोदी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिमंडल भेजने का फैसला किया है। सरकार की तरफ से चुने गए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगा। वे आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता के देश के मजबूत संदेश को दुनिया के सामने रखेंगे। सरकार के अनुसार प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न दलों के संसद सदस्य, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक को शामिल किया गया है। इससे पहले सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के नाम मांगे थे। इस क्रम में कांग्रेस से भी नाम मांगे गए थे। इसके बाद सरकार ने अपनी तरफ से भी नामों को चुना है। सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ ही प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक को भी शामिल किया है। ऐसे में राजनीतिक दलों के प्रस्ताव से इतर भी नाम सूची में हैं। शशि थरूर ऐसा ही नाम है जो पार्टी की तरफ से ना होकर सरकार की तरफ से प्रतिनिधि मंडल का हिस्सा हैं। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि कल सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता से बात की। कांग्रेस से पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल के लिए 4 सांसदों के नाम प्रस्तुत करने को कहा गया। कल 16 मई को दोपहर तक लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर कांग्रेस की ओर से 4 सांसदों के नाम दिए। कांग्रेस का कहना है कि पार्टी ने थरूर का नाम नहीं दिया था। ऐसे में सरकार ने थरूर का नाम तो प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया लेकिन जो नाम पार्टी की तरफ से दिए गए उन्हें शामिल नहीं किया गया है। जयराम रमेश का कहना है कि गंभीर मामले को लेकर खेल खेला जा रहा है। सरकार डैमेज कंट्रोल की कोशिश में जुटी है। ये वादाखिलाफी है।

### कांग्रेस को घेरने में जुटी बीजेपी

वहीं, बीजेपी ने कांग्रेस की तरफ से सुझाए गए चार नामों में से दो नाम गौरव गोगोई और सैयद नासिर हुसैन पर आपत्ति जताई है। असम के सीएम और बीजेपी नेता हिमंता बिस्वा सरमा का कहना है कि सूची में नामित सांसदों में से एक (असम से) ने पाकिस्तान में अपने लंबे समय तक रहने से इनकार नहीं किया है।

सरमा का आरोप है कि वह कथित तौर पर दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान में रहा है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वसनीय दस्तावेजों से पता चलता है कि उनकी पत्नी भारत में काम करते हुए पाकिस्तान स्थित एक एनजीओ से वेतन ले रही थीं। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में और दलगत राजनीति से परे, मैं विपक्ष के नेता राहुल गांधी से आग्रह करता हूं कि इस व्यक्ति को ऐसे संवेदनशील और रणनीतिक कार्य में शामिल न करें।

## दुनिया के सामने खोलेंगे पाकिस्तान की पोल

### मोदी की टीम इंडिया में शशि थरूर करेंगे कप्तानी

आपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान की करतूतों और उसकी करतूतों को इंटरनेशनल लेवल पर उजागर करने के लिए मोदी सरकार ने स्पेशल टीम गठित की है। कांग्रेस के सीनियर लीडर और सांसद शशि थरूर इस टीम की अगुआई करेंगे। थरूर यूएन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं, ऐसे में उनके अनुभवों को देखते हुए सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ इंटरनेशनल मुहिम चलाने के लिए गठित टीम की बागडोर उन्हें सौंपी है। इंटरनेशनल लेवल पर पाकिस्तान की बेइज्जती और उसकी पोल खोलने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि शशि थरूर अमेरिका और यूरोप के कुछ अन्य देशों में जाकर पाकिस्तान की



साजिशों के बारे में पब्लिक ओपिनियन बनाएंगे। टीम के अन्य सदस्य दुनिया के अन्य देशों में जाकर पाकिस्तान की पोल खोलेंगे। टीम के सदस्य दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जाकर पाकिस्तान की ओर से फैलाई जा रही झूठ को उजागर करेंगे और आतंकवादी गतिविधियों में उसकी संलिप्तता के बारे में उन्हें बताएंगे।

**टीम में शामिल नेता**

निशिकांत दुबे
2.बांसुरी स्वराज
3.अनुराग ठाकुर
4.रविशंकर प्रसाद
5.समिक भट्टाचार्य
6.दगे गुबति पुरंदेश्वरी
7.एसएस अहलुवालिया
8.श्रीकांत शिंदे
9.सुप्रिया सुले
10.प्रियंका चतुर्वेदी
11.सस्मित पात्रा
12.विक्रमजीत साहनी
13.शशि थरूर
14.सलमान खुर्शीद
15.कनीमोड़ी
16.जॉन ब्रिट्स

7 जोन तय
अमेरिका
2.यूरोपीय यूनियन
3.साउथ-ईस्ट एशिया
4.मिडिल ईस्ट
5.अफ्रीका
6.ऑस्ट्रेलिया
7.ब्रिटेन

### सैयद नासिर हुसैन पर बीजेपी का सवाल

इसके अलावा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन को लेकर कहना है कि उनकी राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे थे। बीजेपी का दावा है कि उनके समर्थकों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कूटनीतिक बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कांग्रेस पार्टी के विकल्प न केवल दिलचस्प हैं, बल्कि वे बेहद संदिग्ध भी हैं। उन्होंने लिखा कि भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सैयद नसीर हुसैन को शामिल करना। यह वाकई चौंकाने वाला है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह उनके समर्थक ही थे जिन्होंने राज्यसभा में उनकी जीत का जश्न मनाते हुए विधान सभा के अंदर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। बेंगलुरु पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट, परिस्थितिजन्य साक्ष्य और गवाहों की गवाही के आधार पर इस घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

### थरूर के नाम पर कांग्रेस को ही घेरा

मालवीय ने थरूर के नाम पर कांग्रेस को ही घेरा। उन्होंने लिखा शशि थरूर की वाकपटुता, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी के रूप में उनके लंबे अनुभव और विदेश नीति के मामलों पर उनकी गहरी अंतर्दृष्टि को कोई नकार नहीं सकता। तो कांग्रेस पार्टी और खास तौर पर राहुल गांधी ने उन्हें विदेश भेजे जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में क्यों नहीं शामिल किया, ताकि वे प्रमुख मुद्दों पर भारत की स्थिति स्पष्ट कर सकें? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह असुरक्षा है? ईर्ष्या है? या फिर 'हाईकमान' से बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति असहिष्णुता है?

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से टीएमसी सांसद का इंकार

केंद्र सरकार सांसदों का एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में भेजकर पाकिस्तान को ातंकवाद पर एक्सपोज करने की योजना बनाई है। इस प्रतिनिधि मंडल का ऐलान होते ही सियासी हंगामा खड़ा हो गया है। शशि थरूर के नाम को लेकर मामला गर्माया हुआ है। इसी बीच टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से इंकार कर दिया।



## शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है,यह दुनिया का स्वभाव है,जिसे बदला नहीं जा सकता:

**नई दिल्ली/जयपुर,17 मई2025(ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे प्राचीन देश है और उसकी भूमिका 'बड़े भाई' की है। भारत विश्व में शांति,सौहार्द और धर्म का प्रचार करने वाला राष्ट्र है। जयपुर के हरमाड़ा स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित एक सम्मान समारोह में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि संघ प्रमुख ने कहा कि भारत के शक्ति संपन्न होना बहुत जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म और शांति का संदेश देने के लिए भी शक्ति आवश्यक है। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत में त्याग की परंपरा रही है। हम भगवान श्रीराम से लेकर भामाशाह तक उन सभी महापुरुषों को पूजते हैं जिन्होंने समाज के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया। पाकिस्तान पर हुई हालिया सैन्य कार्रवाई का जिक्र करते हुए डॉ.



भागवत ने कहा,भारत किसी से द्वेष नहीं रखता है,लेकिन दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा तब ही सुनती है जब आपके पास शक्ति हो। यह इस दुनिया का स्वभाव है,जिसे बदला नहीं जा सकता। इसलिए विश्व कल्याण के लिए भारत को शक्ति संपन्न होना जरूरी है। डॉ. भागवत ने कहा,हमारी ताकत को अब विश्व देख चुका है।

**हिंदू धर्म का कर्तव्य है विश्व कल्याण**

डॉ. भागवत ने आगे कहा कि विश्व कल्याण हमारा धर्म है,विशेषकर हिंदू धर्म का तो यह पक्का कर्तव्य है। यह हमारी ऋषि परंपरा रही है,जिसे आज संत समाज आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. भागवत ने संत रविनाथ महाराज के साथ अपने अनुभव साझा किए और कहा कि उनकी करुणा और प्रेरणा से संघ के स्वयंसेवकों को अच्छे कार्यों के लिए मार्गदर्शन मिलता है। इस अवसर पर भावनाथ महाराज द्वारा डॉ. मोहन भागवत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संघ के प्रचारक, संतजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एसबीआई ने घटाई एफडी ब्याज दरें



### आम नागरिकों और सीनियर सिटीजंस को झटका -

**नई दिल्ली,17 मई 2025 (ए)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एस.बी.आई.) देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक,ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफ.डी.) की ब्याज दरों में कटौती की घोषणा की है। यह बदलाव आम ग्राहकों और सीनियर सिटीजंस दोनों को प्रभावित करेगा। नई दरें 16 मई 2025 से लागू होंगी।


**सभी एफडी अवधियों पर 0.20 प्रतिशत की कटौती**

एसबीआई की वेबसाइट के अनुसार,सभी अवधि की एफ डी पर ब्याज दर में 20 बेसिस प्वाइंट (0.20 प्रतिशत) की कमी की गई है। अब आम नागरिकों को 3.30 प्रतिशत से 6.70 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा,जो पहले 3.50प्रतिशत से 6.90 प्रतिशत था।

**सीनियर सिटीजंस के लिए भी रिटर्न में कमी**

सीनियर सिटीजंस के लिए भी 0.20 प्रतिशत की कटौती की गई है। 3 करोड़ रुपये से कम की एफ डी पर अब उन्हें 3.80 प्रतिशत से 7.30प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा,जो पहले 4 प्रतिशत से 7.50प्रतिशत था।

## कॉलेज छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार



**रुड़की,17 मई 2025(ए)।** उत्तराखंड के रुड़की में शिक्षक के पेश को शर्मसार करने वाला एक संगीन मामला सामने आया है। यहां पर डिग्री कॉलेज के एक एसोसिएट प्रोफेसर को हरिद्वार जिले में साक्षात्कार के दौरान कई स्नातक छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## दिल्ली में आप को लगा बड़ा झटका

### 13 निगम पार्षदों ने दिया इस्तीफा,नई पार्टी बनाने का ऐलान

**नई दिल्ली,17 मई 2025(ए)।** आम आदमी पार्टी को दिल्ली में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 13 निगम पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। इन सभी ने नई पार्टी बनाने की घोषणा भी की है। पार्षदों ने इस्तीफे का ऐलान करते हुए आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर नगर निगम को ठीक से ना चला पाने का आरोप लगाया है। इसी के साथ उन्होंने ये भी कहा है क जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम पार्टी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। पार्षदों ने नई पार्टी का ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का नाम इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी होगा और मुकेश गोयल को पार्टी का नेता चुना गया है। पार्षदों ने बताया कि



हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी की टिकिट से चुने गए थे लेकिन 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली नगर निगम को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई।




## तुर्की-अजरबैजान पर अब एजुकेशन स्ट्राइक

### 23 यूनिवर्सिटी से भारत के संस्थानों ने रद्द किया कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली,17 मई 2025(ए)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच तुर्की और अजरबैजान का पाकिस्तान को खुलकर समर्थन देने से भारत में तुर्की का बॉयकॉट शुरू हो गया। भारत की कई कंपनियों का कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया है। इस बीच देश की प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी तुर्की के शैक्षणिक संस्थानों से कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिए हैं।

## चिलम के धुएं से छल्ला बना रही युवतियां



### खुलेआम गांजा पीते कैमरे में हुई कैद

**इंदौर,17 मई 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के इंदौर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवतियां सुपर कॉरिडोर ओवरब्रिज पर खुलेआम गांजा पीते हुए नजर आ रही हैं। बता दें कि नशे का यह प्रचलन एक चिंताजनक विषय बन गया है। अब शहर की युवतियां भी इसकी चपेट में आ गई हैं। दरअसल, इंदौर में युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इसमें लड़कियां भी पीछे नहीं है, शहर से एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि देर रात युवतियां चिलम से गांजा पीते नजर आ रही हैं।

### लड़कियां फूंक रही गांजा

चौंकाने वाली बात यह है कि वीडियो में एक युवक चिलम जलाते हुए दिखाई दे रहा है, जबकि युवतियां धुएं के छल्ले बना रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये युवतियां घर के लोगों के सोते ही देर रात गंजेड़ियों के साथ यहां पहुंचती हैं और खुलेआम नशा करती हैं।

# संपादकीय

## ऑपरेशन सिंदुर स्थगित हुआ है,खत्म नहीं

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के दो दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस्लामाबाद को कड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने अपने 22 मिनट के संबोधन में सीजफायर,आतंकवाद, पाक अधिकृत कश्मीर(पीओके),ऑपरेशन सिंदूर,पहलगाम में जघन्य हमला और सिंधु जल समझौते पर बात की। उन्होंने कड़े तेवर के साथ कहा कि टेरर और टॉक,टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता जाहिर उनका यह संदेश सिर्फ पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी था। प्रधानमंत्री के संबोधन से एक बात साफ हो गई कि ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद के बारे में पुरानी नीति का परित्याग कर दिया है जहां कूटनीति और आतंक का सहअस्तित्व था। उन्होंने विश्व समुदाय को भारत की नई नीति और सिद्धांत के बारे में स्पष्ट तौर पर बता दिया कि अगर आप पाकिस्तान के साथ बात होगी तो आतंकवाद पर और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी।प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। यानी परमाणु हमले की धमकी को अलग-थलग करके आतंकी अड्डों को नष्ट करेगा। यह याद रखा जाना चाहिए कि अगर पाकिस्तान भारत पर परमाणु हमला करता है तो भारत को सिर्फ खरोंचे ही आएगी, लेकिन विश्व मानचित्र से पाकिस्तान का नाम ही मिट जाएगा। विश्व समुदाय जानता है कि भारत एक जिम्मेदार और सभ्य राष्ट्र है जो पहले परमाणु शस्त्र का इस्तेमाल कभी नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इस बात को दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है, लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह आतंकवाद का भी समय नहीं है। वास्तव में भारत पिछले दशकों से आतंक की पीड़ा झेल रहा है। ऐसा पहली बार हुआ कि ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में इस्लामाबाद से कराची तक 13 जगहों को अपना निशाना बनाया। न केवल निशाना बनाया बल्कि पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमानों को नेतस्नाबूद भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बुद्ध ने शांति का रास्ता दिखाया है, लेकिन शक्ति से ही शांति का रास्ता निकलता है। इसका अर्थ साफ है कि भारत अब भई बिनु होई न प्रीति.की नीति को आगे बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा भी है कि ऑपरेशन सिंदुर स्थगित हुआ है,खत्म नहीं।

## सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए?

भारत-पाकिस्तान के बीच सैनिक संघर्ष रु कने पर हम देश की प्रतिक्रिया देखें तो बड़ा वर्ग,जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,मोदी सरकार और भाजपा के समर्थक कार्यकर्ता शामिल हैं नाखुश दिखाई देते हैं।इन्हें लगता है कि भारत के पास पाकिस्तान को धूल चटाकर, ऐसा पंगु बना देने का अवसर था जिससे वह लंबे समय तक भारत को घाव देने की सोचे भी नहीं। दूसरी ओर ऐसे लोग भी हैं जिन्हें लगता है कि भारत इस समय लंबे युद्ध कर पाकिस्तान को पराजित करने की लड़ाई नहीं लड़ रहा था। इसलिए तत्काल लंबा खींचना उचित नहीं था होता। प्रश्न है कि सैन्य टकराव रु कने को किस तरह देखा जाए?



भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में स्थित नौ सभी महत्त्वपूर्ण आतंकवादी केंद्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। इस तरह भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट आया कि लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीजफायर यानी युद्धविराम स्वीकार किया, टीवी चैनलों पर बैठे पूर्व सैनिकों और विशेषज्ञों को भी हैरत हुआ। उसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रुबियो का ट्वीट आ गया जिससे जानकारी मिली कि उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स लगातार दोनों देशों से बातचीत कर रहे थे। लेकिन भारत ने 5 बजे विदेश सचिव विक्रम मिश्री के माध्यम से इसकी घोषणा करवाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसके लिए स्टॉपेज आफ फायरिंग एंड मिलट्री एक्शन यानी गोलाबारी तथा सैन्य कार्रवाई के रुकने पर सहमति की बात की। भारत ने सीजफायर या युद्धविराम शब्द प्रयोग नहीं किया। यह शब्द पहले अमेरिका की ओर से आया और पाकिस्तान ने उपयोग किया। पाकिस्तान के साथ हमारा युद्धविराम समझौता पहले से है जिसे वह तोड़ रहा था। चाहे आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करना हो या पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई से उत्तर; देश और विश्व को दी जाने वाली जानकारी में नये रूप में भारत सामने आया है।11 मई को सेना के तीनों अंगों के डीजीएमओ ने पत्रकार वार्ता में स्पष्ट कर दिया कि अभी हम युद्ध की स्थिति में हैं और पूरी जानकारी देना उचित नहीं होगा। इसका अर्थ हुआ कि सेना अभी जहां जैसे थी वैसे रहेगी। पाकिस्तान ने आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करने को अपने पर हमला मानकर कार्रवाई की थी और भारत को उसका उत्तर देना पड़ा। भारत दीर्घकालीन युद्ध की सोच से पाकिस्तान की सीमा में आतंकवादी केंद्रों को ध्वस्त करने नहीं गया था। देश में वातावरण इस कारण बना क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने जैसा पराक्रम दिखाया है उसको तार्किक परिणति या निर्णायक अवस्था में ले जाने की सामूहिक अपेक्षा पैदा हो गई। हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के पहले किसी ने नहीं कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लिए हमला करिए या पाकिस्तान पर हमला करिए।जो विपक्षी दल आतंकवादी हमले पर सीमा पार करने से बचते रहे क्योंकि पाकिस्तान की प्रतिक्रियाओं से डरते थे वह भी सामूहिक रूप से सरकार पर प्रहार कर रहे हैं।

-अवधेश कुमार-

18 मई विश्व संग्रहालय दिवस पर विशेष

# अद्भुत और अनोखा भोपाल का राष्ट्रीय मानव संग्रहालय



विवेक रंजन श्रीवास्तव
भोपाल,मध्यप्रदेश

18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस मनाया जाता है,जिससे संग्रहालयों के महत्व को रेखांकित किया जा सके। भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर अद्वितीय है। खजुराहो के मंदिरों में उकेरी नृत्य-संगीत और दार्शनिक मूर्तियाँ,साँची का बौद्ध स्तूप जो शांति और स्थापत्य का प्रतीक है, और भीमबेटका की गुफाएँ जो मानव सभ्यता के प्रारंभिक चित्रों को समेटे हुए हैं-ये सभी स्थल मध्यप्रदेश को वैश्विक पहचान देते हैं। ये यूनेस्को की सूची में शामिल स्मारक हैं।

हमारे लिये गौरव की बात है कि न केवल पुरातात्विक धरोहरें वरन हमारे पुराने ग्रंथ भी वैश्विक महत्व के हैं। हाल ही में श्रीमद्भगवतगीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ़ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। जब हम पुरातात्विक धरोहर की बातें करते हैं तो स्वतः ही संग्रहालयों का महत्व स्पष्ट हो जाता है। संग्रहालयों में हमारी पुरातात्विक धरोहरें संजो कर संदर्भ तथा प्रदर्शन के लिये रखी जाती हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल विश्व में अपनी तरह का अनोखा संग्रहालय है।

यदि आप बिना नागालैंड गये स्वयं को वहां देखना चाहते हों तो आप राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के नागालैंड परिसर में आ जायें और सेल्फी ले लें। हूबहू नागालैंड जैसा परिवेश,वहीं के मूल कलाकारों द्वारा संपूर्ण साज सज्जा के साथ यहां पर्यटकों के लिये प्रदर्शित किया गया है। और ऐसा ही प्रदर्शन भारत के प्रत्येक क्षेत्र के लिये किया गया है। सामान्य तौर पर संग्रहालय की परिकल्पना एक ऐसे संस्थान से होती है, जहां कुछ चुनिंदा मूर्तियां या अन्य सामान कांच की अलमारी में बंद कर एक इमारत में सुरक्षित ढंग से रख दिये गये हों, जिन्हें केवल दूर से ही देखा जा सकता है किन्तु इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल पूरे विश्व में इस दृष्टि से अनूठा है। यहां 200 एकड़ के विशाल भू भाग में देश-विदेश की आदिम जाति कला एवं संस्कृति को बहुत ही खूबसूरती से यथावत संभालकर रखा गया है।

वर्ष 1970 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अधिवेशन में देश के विख्यात मानव विज्ञानी डॉ. सचिन रॉय ने एक ऐसे संग्रहालय की परिकल्पना की जो, मानव की उत्पत्ति से विकास तक के सभी पहलुओं को प्रदर्शित कर सके। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उनकी इस परिकल्पना को धरातल पर उतारने की अनुमति दी। जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1977 में दिल्ली में बहावलपुर हाउस में राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की शुरूआत हुई। प्रारंभ में इसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन शिक्षा विभाग का एक संस्थान बनाया गया। वर्ष 1979 में इसे भोपाल स्थानांतरित किया गया। बाद में इसे संस्कृति विभाग तथा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्थान का दर्जा दिया गया।

तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इसके लिये भोपाल के महत्वपूर्ण क्षेत्र विशाल भोपाल ताल के सामने स्थित श्यामला हिल्स में लगभग 200 एकड़ भूभाग आवंटित किया गया जहां पर वर्तमान में यह संग्रहालय स्थापित है। जबकि देश की दक्षिणी क्षेत्रों में विशेष कार्य करने के लिए संग्रहालय का दक्षिण क्षेत्रीय केंद्र,मैसूर में वर्ष 2001 में स्थापित किया गया है। जो विरासत का दर्जा पा चुके वेलिंग्टन हाउस में कार्यरत है। देश के अन्य भागों में यह संग्रहालय अपने क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के लिए प्रयासरत है।



संग्रहालय की स्थापना के मूल उद्देश्यों में राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना,नव संग्रहालय आंदोलन द्वारा देश के सांस्कृतिक वैविध्य को आम जनता के सामने लाना हैं। अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्यरत इस संग्रहालय को एक जीवंत संग्रहालय भी कहा जा सकता है, जिसमें जहां एक ओर मानव की उद् विकास की गाथा को दर्शाती मुक्ताकाश एवं अंतरंग प्रदर्शनियां बनाई गई हैं, तो वहीं दूसरी ओर पुरापाषाणकाल में मानव के जीवन को प्रदर्शित करते शैलाश्रय भी हैं।

मूल स्वरूप में बने जनजातीय आवास,संग्रहालय की मुख्य प्रदर्शनी आदि मुक्ताकाशी हैं,जिसे लगभग 40 एकड़ भूभाग पर निर्मित किया गया है। यहां गुजरात की राठवा और चौधरी,ओडिशा की सावरा और गदबा,मध्यप्रदेश के भील और अगरिया,छत्तीसगढ़ के रजवार, झारखंड के संथाल,आंध्रप्रदेश के जटापु,पश्चिम बंगाल के भूमिज, महाराष्ट्र की वारली,असम के बोडो कछारी,मौशिंग और करबी,मणिपुर के थांगकुल एवं कबुई नागा, नागालैंड के चाखेसंग,त्रिपुरा के रियांग,तमिलनाडु के टोडा और कोटा,सिक्किम एवं राजस्थान,से लाये जनजातीय आवास प्रदर्शित किये गये हैं। लगातार इसका विस्तार तथा संरक्षण किया जा रहा है। भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप निर्मित इन मकानों की महत्वपूर्ण बात ये है, कि इन्हें उन जनजातियों द्वारा अपने साथ लाई गई मूल सामग्री से ही निर्मित किया गया हैं। ऐसे और जन जातीय विशिष्टता वाले आवासों का निर्माण साल दर साल होता रहता है। इस प्रकार इस संग्रहालय को हम एक लघु भारत भी कह सकते हैं।

हिमालयन ग्राम प्रदर्शनी में हिमालयीन क्षेत्र जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के आवास प्रकारों को स्थापित किया गया है। मरूग्राम नामक प्रदर्शनी में राजस्थान से लाये भुंगा आवास प्रकारों को दर्शाया गया है, तो तटीय गांव प्रदर्शनी में भारत के समुद्री तटों पर स्थित केरल, तमिलनाडु के मछुआरों की बस्ती को दिखाया गया है। पारंपरिक तकनीक में देश के विभिन्न अंचलों में जनजातीय समुदायों द्वारा उनके दैनिक जीवन में प्रयोग की जा रही पारंपरिक तकनीकों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें उत्तराखंड में पानी के प्रवाह से चलने वाली आटा चक्की, मणिपुर की नमक बनाने की तकनीक,आंध्रप्रदेश से तेल निकालने की तकनीक,गन्ने पेरने की छत्तीसगढ़ की तकनीक,मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ से जलसंरक्षण तकनीक,आदि प्रमुख हैं।

मिथक वीथिका में देश के विभिन्न अंचलों में जनजातियों में प्रचलित मिथक कथाओं पर आधारित विशिष्ट अनूठी प्रदर्शनी में मिट्टी,टेराकोटा,कपड़े,पत्थर और धातु के बने प्रदर्शों को दिखाया गया है।

**नदी घाटी सभ्यता वीथी-** जैसा कि हम जानते हैं कि मानव सभ्यता नदी किनारे बसाहट के प्रमाण एवं अवशेष अब भी पुरातत्व की खुदाई में मिलते हैं। वैसे ही मानव जीवन के महत्वपूर्ण पहलू को दर्शाने के लिए संग्रहालय में नदी घाटी सभ्यता को दर्शाने वाले प्रादर्श प्रदर्शित किये गये हैं।

### वन एवं मेडिसिनल ट्रेल

वन एवं पर्यावरण को सहेजने के उद्देश्य से संग्रहालय में देश भर से लाये गये पुनीत वनों के प्रतिरूप स्थापित किये गये हैं,तो वहीं सुदूर अंचलों में मिलने वाले ऐसे पौधे जिनका औषधियों के तौर पर इस्तेमाल होता है,भी लगाये गये हैं।

### चित्रित शैलाश्रय

मानव संग्रहालय की लगभग 32 गुफाओं में भीमबैठका के समकालीन भित्तिचित्र उपलब्ध हैं। जिनका आज भी देशी विदेशी रॉक आर्ट विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन किया जाता है।

### वीथि संकुल

अंतरंग संग्रहालय भवन लगभग 10 हजार वर्गमीटर में बना है। इस विशाल इमारत के अंदर लगभग 10 प्रदर्शनियों के जरिये देश की जनजातीय संस्कृति को दर्शाने का प्रयास किया गया है जिसमें मानव उद् विकास,ह्यूमन ओडीसी, लिंगो जात्रा,इथनिकआर्ट,विश्वास परंपराएं, संगीतवाद्य यंत्र,मुखौटे,वस्त्र एवं भोज परंपराओं के स्थाई संकलन प्रदर्शित किए गए हैं।

देश के विभिन्न आदिवासी एवं जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करते हुए वहां की भौतिक संस्कृति को प्रदर्शित करते प्रादर्शी,देशज ज्ञान पद्धतियों पर आधारित सामग्री का संकलन करते हुए लगभग 35 हजार प्रादर्श संग्रहालय के प्रादर्श भंडार में उपलब्ध हैं,जिन्हें समय-समय पर प्रदर्शित किया जाता है। तो वहीं संग्रहालय के पास लगभग 7 हजार घंटे से अधिक की ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग तथा 3 लाख फोटोग्राफिक कवरेज उपलब्ध है।

### संग्रहालय में सुविधाएं

संग्रहालय आने वाले दर्शकों को प्रदर्शनी दिखाने के लिए निःशुल्क गाईड की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। शारीरिक रूप से असमर्थ दर्शकों के लिए व्हील चेयर,रैम्प, तथा नेत्रहीनों के लिए ब्रेल लिपि में पैनल बनवाये गये हैं। यहां स्थापित लगभग 300 व्यक्तियों की क्षमता वाला वातानुकूलित ऑडिटोरियम वर्ष भर विभिन्न शासकीय अशासकीय संस्थानों को काफी किफायती कीमत पर उपलब्ध कराया जाता है। शैक्षणिक संस्थाओं जैसे स्कूल कॉलेज आदि को देश की कला एवं संस्कृति पर आधारित फोटोग्राफिक प्रदर्शनी हेरिटेज कॉर्नर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। संग्रहालय में नाम मात्र शुल्क पर प्रदूषणमुक्त पर्यावरण में घूमने का आनंद लिया जा सकता है। वहीं बच्चों के खेलने के लिए निःशुल्क स्थल, भोजन के लिए कैंटीन, कार्यक्रमों के लिए न्यूनतम दर पर हॉल, तथा जनसुविधाएं उपलब्ध है। शोधार्थी एवं छात्रों को मानविकी, पुरातत्व, समाजशास्त्र,वास्तुकला, संग्रहालय विज्ञान,इतिहास आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विशाल पुस्तकालय है जहां देश-विदेश से संकलित विभिन्न विषयों पर आधारित लगभग 25 हजार से अधिक पुस्तकें तथा जर्नल्स उपलब्ध हैं। छोटे स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क तथा बड़े बच्चों के लिए समूह में आने पर प्रवेश शुल्क में छूट दी जाती है।

मध्यप्रदेश राज्य सरकार के सहयोग से संग्रहालय परिसर में राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें देश के विभिन्न अंचलों से आये बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाती हैं। बच्चों के द्वारा, बच्चों के लिए आयोजित इस इन्द्रधनुषी कार्यक्रम में खूबसूरत पारंपरिक लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां एवं वैविध्य की झलक देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक संग्रहालय पहुंचते हैं।


यह संग्रहालय शिक्षा, ज्ञान, मनोरंजन एवं समय व्यतीत करने का सर्वोत्तम साधन है। वास्तुविज्ञान, आदिवासी कला एवं संस्कृति, संरक्षण तकनीकों,ग्राफिक आर्ट एवं रिसर्च तथा प्रशासनिक योजना में लगे छात्रों के लिए संग्रहालय की मुक्ताकाश प्रदर्शनियां एक प्रयोगशाला की तरह प्रायोगिक अनुभव देने का कार्य करतीं हैं। यहां संग्रहालय को देख और छूकर महसूस करने जैसी सुविधा संभवतः देश के किसी अन्य संस्थान में उपलब्ध नहीं है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# दहेज का विरोध,पर मालदार की चाहत क्यों?



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा



### मालदार दूल्हा ढूंढने वालों,खुद से भी सवाल करो

दहेज़ लेने वालो के मुंह पे थूकने से फुर्सत मिल गई हो तो थोड़ा एकलौता मालदार लड़का ढूंढने वालो के मुंह पे भी थूक दो। यह दोहरी सोच ही हमारे समाज का असली चेहरा है,जहां दहेज का विरोध सिर्फ भाषणों तक सीमित है,पर बेटियों की शादी में बड़ा बैंक बैलेंस और सरकारी नौकरी ही मापदंड बन जाते हैं। अगर बदलाव सच में चाहिए,तो यह दोहरापन भी मिटाना होगा। शादी रिश्तों का बंधन है,सौदेबाजी का खेल नहीं। सिर्फ दिखावा छोड़ो,सोच बदलो।

### सिर्फ नारे नहीं, असल बदलाव चाहिए

भारत में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो आज भी गहरे तक जड़ें जमाए हुए है। दहेज लेना न सिर्फ एक अपराध है, बल्कि यह उस महिला के सम्मान का अपमान है जिसे एक बेटी, पत्नी और बहू के रूप में समाज में उच्च स्थान दिया जाता है। परंतु, यह प्रथा केवल पुरुषों के लालच तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार इसे बढ़ावा देने में खुद परिवार और समाज की सोच भी शामिल होती है।

दहेज के विरोध में बोलना एक बात है और अपने घर की बेटियों के लिए एकलौता मालदार दूल्हा ढूंढना दूसरी। यह विरोधाभास हमारी मानसिकता की गहरी खाई को उजागर करता है। हम एक ओर दहेज का विरोध करते हैं, पोस्ट लिखते हैं, नारे लगाते हैं, और दूसरी ओर जब अपनी बेटियों की शादी की बात आती है, तो संपन्न परिवार और मोटी तनख्वाह वाले लड़के की खोज में जुट जाते हैं। यह दोहरी सोच एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो हमें अपने मूल्यों से दूर कर रही है।

यह मानसिकता केवल दहेज तक सीमित नहीं है। यह हमारी सोच का एक व्यापक हिस्सा है जो समाज के हर पहलू में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी लड़की के लिए लड़का देखते हैं, तो हम उसकी शिक्षा,विचारधारा,और चरित्र से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व देते हैं। यह सोच न केवल लड़कियों को वस्तु की तरह पेश करती है, बल्कि लड़कों पर भी आर्थिक दबाव डालती है कि वे एक आदर्श वर बनने के लिए अपने कैरियर और कमाई पर अधिक ध्यान दें।

इस सोच का सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिलता है जब शादी के विज्ञापनों में अच्छे परिवार,सरकारी नौकरी,और खूब कमाने वाले लड़के की मांग की जाती है। यह केवल एक आर्थिक सुरक्षा की मांग नहीं है, बल्कि एक गहरी मानसिकता का परिचायक है, जो यह मानती है कि लड़की को खुश रखने के लिए धन ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यह न केवल विवाह को एक व्यापार बना देता है, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की नींव को भी कमजोर करता है। ऐसी स्थिति में सवाल यह उठता है कि क्या हम सच में इतने असुरक्षित हैं कि हमें अपनी बेटियों की खुशियों के लिए एक मात्र आर्थिक स्थिरता की जरूरत है? क्या हमें यह समझने में अब भी देरी है कि एक अच्छे इंसान का मोल उसके चरित्र, विचार और व्यवहार से आंका जाना चाहिए,न कि उसकी जेब की गहराई से? इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी है। यह तब ही संभव है जब हम अपने बेटों को यह सिखाएं कि उनकी कीमत उनके चरित्र से है, न कि उनके वेतन से। हमें अपनी बेटियों को यह सिखाना होगा। कि उनका मूल्य उनकी खुद की पहचान से है, न कि किसी के नाम के साथ जुड़ने से। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें अपने समाज में इस दोहरे मापदंड को समाप्त करना होगा और ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना होगा जो सच्चे अर्थों में समानता और सम्मान का अर्थ समझे।हमारे समाज में दहेज की परंपरा का इतना गहरा प्रभाव है कि लोग इसे सम्मान का प्रतीक मानते हैं। कई बार तो इसे शान और प्रतिष्ठा की बात समझा जाता है, और जो इसे नहीं मानता, उसे समाज में कमतर माना जाता है। यह सोच केवल बेटियों को नहीं,बल्कि पूरे समाज को कमजोर करती है। यह परिवारों को कर्ज में डुबोती है,रिश्तों में दरारें डालती है और समाज की नींव को हिला देती है।

दहेज के खिलाफ लड़ाई तब ही सफल होगी जब हम इस समस्या को केवल कानून से नहीं,बल्कि अपनी मानसिकता से भी मिटाएंगे। हमें ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां लड़कियों की शिक्षा,आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

इसके अलावा, हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि वे अपने जीवनसाथी का चयन केवल उनकी योग्यता, चरित्र और विचारधारा के आधार पर करें,न कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को देख कर। यह बदलाव केवल एक व्यक्ति की सोच से नहीं, बल्कि पूरे समाज की सोच में बदलाव लाने से संभव है।

समय आ गया है कि हम दहेज की इस बिमारी को जड़ से उखाड़ फेंके और एक ऐसे समाज की नींव रखें जहां विवाह एक समान और सम्मानजनक बंधन हो, न कि आर्थिक सौदेबाजी का माध्यम। हमें यह समझना होगा कि शादी एक पवित्र संबंध है, न कि व्यापार।सिर्फ कानून बनाना ही काफी नहीं है। हमें अपने विचारों, परंपराओं और सोच में बदलाव लाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे घरों में बेटियों और बेटों को समान रूप से महत्व दिया जाए। हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि वे अपने जीवनसाथी का सम्मान करें, उन्हें एक समान साथी मानें, न कि एक वस्तु के रूप में। सच्चे बदलाव की शुरुआत हमारे घरों से होनी चाहिए। जब हम अपने बेटों को यह सिखाएंगे कि वे किसी के साथ सिर्फ उसके चरित्र और विचारधारा के आधार पर जुड़ें, तभी समाज से दहेज की इस बुराई को मिटाया जा सकेगा। हमें यह याद रखना चाहिए कि बेटियां किसी के लिए बोझ नहीं, बल्कि एक आशीर्वाद हैं।

## कविता
## सिरतोन फेर सपना...

घटती-घटना



लक्ष्मीनारायण सेन
खुंटेरी,गरियाबंद
छत्तीसगढ़

नाभकी प्रदूषण मा घुटत हावै ओकर जान।<br>
आजादी खातिर तड़पत हावै बलूचिस्तान।।<br>
जतेक हो भड़काते जा बुझाए मत ये आग।<br>
जम्मो पाक के वजूद जल के हो जाए खाक।।<br>
अपन हरे ये बलूचि नो हरे कोनो अनजान।<br>
अगर ये हा चाहत हे ता दे-दे हृदय मा स्थान।।<br>
बंगला पाक बलूच आए तो भारत के अंग।<br>
ये तीनों ला मिलाके राखबो हम अपन संग।।<br>
येहा हमर तीनों अंग आए अउ हावै हमर राज।<br>
मिलाके हम भारत ला पहिनाबो शक्ति के ताज।।<br>
एकर बाद मिल जाए हमर देश मा अफगानिस्तान।<br>
कुछ तो बन जाए पुराना अखंड भारत हिंदुस्तान।।

## कविता
## गुणवत्ता लाने का संकल्प...

घटती-घटना



राजेन्द्र लहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

बोझिल बेरंग जिंदगी में एकमात्र रंग शिक्षा ही है,<br>
सरकारों का रवैया दर्शाता है कि मुफ्त में दे रहे भिक्षा है,<br>
ये कैसा गुणवत्ता लाने का संकल्प है कि<br>
जिसके लिए विद्यालय बंद कर रहे हैं,<br>
ये पहली बार है कि जिम्मेदारअपनी कर्तव्यों से मुकर रहे हैं,<br>
ये तो मरीज का इलाज उसी तरह करना चाहते हैं<br>
पेट भूखा रहे सिर्फ गोली खाओ,<br>
बच गए तो तो हमारी वजह से<br>
वर्ना सब भाड़ में जाओ,<br>
गुणवत्ता विद्यालय बंद करने से,<br>
शिक्षकों की संख्या कम करने से,<br>
या कोई भी मनमानी या सितम करने से नहीं आती,<br>
इसके लिए स्थलों पर जाकर<br>
परिस्थितियों को जानना समझना होगा,<br>
न कि वातानुकूलित कमरों में बैठ<br>
कोई भी नियम बना फरमान से होगा,<br>
जिनकी औकात निजी संस्थानों में<br>
अपने बच्चों को भेजने की है<br>
वह भी सरकारी स्कूलों के लिए<br>
लालायित होगा जब<br>
हर सुविधा शालाओं को उपलब्ध हो,<br>
सरकार और शिक्षक कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध हो,<br>
एक गलत या कमजोर निर्णय देश को कमजोर कर देगा,<br>
तब देखते रहेंगे ऐसे ही गुणवत्ता लाने का संकल्प।

# मेरी माँ-तेरी माँ



हेमेन्द्र क्षीरसागर,
बालाघाट, मध्यप्रदेश

माँ है तो हम है,माँ हैं तो जहान हैं। माँ की छाव से बड़ी कोई दुनिया नहीं। माँ के चरणों में जन्नत हैं और उस जन्नत की मन्नत सदा-सर्वदा हम पर आसिन हैं। माँ की बरकत कभी भेदभाव नहीं करती वह समान रूप से सभी बच्चों पर बरसती हैं। माँ के लिए कोई औलाद तेरी-मेरी नहीं बल्कि सिर्फ और सिर्फ मेरी ही होती हैं। एक माँ के आंचल में सब बच्चे समा जाते हैं पर सब बच्चों के हाथों में एक माँ नहीं समा सकती। इसीलिए मेरी माँ-तेरी माँ की किरकिरी में माँ परायी हो जाती हैं। क्यां माँ का भी बंटवारा हो सकता हैं, आज मेरी तो कल तेरी और परसों किसी की नहीं। हालात तो बंटवारे की हामी भरते है। बानगी में वक्त के साथ-साथ खून का अटूट बंधन ममता के लिए मोहताज हो जाता हैं। माँ बेटा-बेटा कहती हैं और बेटा टाटा-टाटा कहता हैं। वाह! रे जमाना तेरी हद हो गई जिसने दुनिया दिखाई वह सरदर्द होकर तोल-मोल के चक्कर में बेघर हो गई। यह एक चिंता की बात नहीं वरन् चिंतन की बात हैं कि आखिर ऐसा क्यों और किस लिए हो रहा है?

इसका निदान ढूंढे नहीं मिल रहा है या ढूंढना नहीं चाहते हैं। चाहे जो भी इस वितृष्णा में दूध का कर्ज मर्ज बनते जा रहा है, जो एक दिन नासुर बनकर मानवता को तार-तार कर देगा। तब हमें अहसास होगा कि माता, कुमाता नहीं हो सकती अपितु सपूत कपूत हो सकते हैं। बहरहाल,पूत के पांव जब पालने में होते है तब से वो माँ,माँ की मधुर गुंजार से सारे जग को अलौकिक कर देता हैं। अपनी माँ के लिए रोता हैं, बिलकता हैं और तडपता हैं। माँ की गोद में बैठकर निवाला निगलता हैं। उसे तो चहुंओर मात्र दिखाई पड़ती है तो अपनी माँ और माँ माँ कहकर अपनी माँ पर अपना हक जताता हैं। यही ममतामयी माया माँ-बेटे के अनमोल रिश्ते का बेजोड़ मिलन हैं। लगता है यह कभी टूटेगा नहीं पर काल की काली छाया इस पवित्र बंधन को जार-जार करने में कोई कोर कसर नहीं छोडती। देखते ही देखते मेरी माँ, तेरी माँ और दर-दर की माँ बन जाती हैं। दरअसल,जवान जब आधुनिक व भौतिकी उलझन में नफा-नुकसान का ख्याल करते है। तब बूढे माँ-बाप बेकाम की चीज बनकर बोझ लगने लगते हैं। जब इनसे कोई फायदा नही तो इन्हें पालने का क्यां मतलब? जिसने कोख में पाला उसकी छाया बुरी है। इसी मानस्किता को अख्तियार किये तथाकथित बेपरवाह खूदगर्ज अपनी जननी को तेरी माँ-तेरी माँ बोलकर अपनी जिम्मेदारियों से छूटकारा चाहते है। वीभत्स चौथे पहर में पनाह देने के बजाय वृद्धाश्रम में ढकेल कर या कुढ़-कुढ़कर जीने के लिए हाथों में भीख का कटोरा थमा देते है। जहां वह बूढी माँ मेरे बेटे-मेरे बेटे की करहाट में दम तोड़ने लगती हैं कि कब मेरा बेटा आएगा और प्यार से दो बूंद पानी पिलाएंगा। हां! ऐसे कम्बखतों को फिक्र होगी भी कैसे! कि माँ के बिना जीना कैसा। जा के पूछे उनसे जिनकी माँ नहीं है! वे तुम्हें बताएगें कि माँ होती क्या है! और नसीब वाले भाई-भाई लडते हो कि माँ तेरी हैं-माँ तेरी हैं। यह कौन सा इंसाफ है कि बचपन में माँ मेरी और जवानी माँ तेरी! तेरी नही तो फिर बूढी माँ किसकी! अच्छा नहीं होगा कि माँ को हम अपनी ही रखे क्योंकि माँ तो माँ होती है तेरी ना मेरी चाहे वह जन्म देने वाली हो या पालने वाली किंवां धरती माँ हो। वह तो हमेशा बच्चों का दुःख हर लेती है और सुख देती हैं। तो क्या हम उस माँ को जिदंगी के अंतिम पडाव में बांट दे या सुख के दो निवाले और मीठे बोल अर्पित कर दे। ये जिम्मेदारी अब हमारी है पेट मे सुलाने वाली माँ को पैरों में सुलाये या उसके पैरों को दबाये। समर्पित,स्मरणित अभिज्ञान माँ के हिस्से नहीं होते अपितु माँ के हिस्से में हम रहते है। इसीलिए माँ है तो हम है कि यथेष्ठता अंतस में अजर-अमर हैं।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

C M Y K

# शिक्षा संवाद कार्यक्रम में जाने से राहुल गांधी को रोका,कांग्रेस ने जताया विरोध

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।



दरभंगा विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ शिक्षा संवाद कार्यक्रम के लिए जा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ बिहार की एनडीए सरकार द्वारा किये गए दमनात्मक और अलोकतांत्रिक करवाई का जिला कांग्रेस ने विरोध जताया है। शनिवार को आयोजित विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस ने कहा कि राहुल गांधी निरंतर देश विदेश में शिक्षा संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं। दरभंगा विश्वविद्यालय के दलित छात्रों ने राहुल गांधी को शिक्षा संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। गुरुवार को राहुल गांधी जब शिक्षा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे तब हवाई अड्डे पर बिहार की पुलिस और प्रशासन ने उन्हें रोका। किसी तरह वे दरभंगा विश्वविद्यालय तक पहुंचे तो उन्हें विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया। छात्रों से शिक्षा संवाद के लिए राहुल गांधी बिहार पुलिस के अलोकतांत्रिक रोक के विरोध करते हुए राहुल गांधी 3 की मी पैदल चल छात्रों तक पहुंचे और उनसे संवाद किये। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में पुतला दहन के उपरांत उन्होंने कहा कि देश में इलेक्टेड ऑटोक्रेसी चल रही है। तानाशाही में भाजपा और नीतीश कुमार की सरकार ने राहुल गांधी के विरुद्ध अलोकतांत्रिक करवाई की है। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव,अजय अग्रवाल, द्वितेंद्र मिश्रा, सीमा सोनी,रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा,दुर्गेश गुप्ता,राशिद अहमद,संजीव मंदिलवार, विवेक सिंह,राजीव अग्रवाल,अतुल तिवारी,अनूप मेहता,अशफाक अलि,जमील खान,नरेंद्र विश्वकर्मा,मदन जायसवाल,आलोक सिंह, विनोद एक्का,चंद्रप्रकाश सिंह,जीवन यादव,लोकेश कुमार, प्रमोद चौधरी, रजनीश सिंह,सोहन जायसवाल, शंकर प्रजापति,वीरेंद्र सिन्हा,लुकस एक्का,अमित सिंह,शिवप्रसाद अग्रहरि,तृप्ति राज धंजल,आतिश शुक्ला,दिनेश शर्मा,आशीष जायसवाल, शुभम सहित अन्य जायसवाल मौजूद थे।

# 2 कारोबारी भाइयों के घर एसीबी का छापा, खंगाले दस्तावेज






- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।

शहर के कपड़ा कारोबारी व सप्लायर फर्म के निवास पर शनिवार की अलसुबह एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा है। सप्लायर फर्म धजाराम-विनोद कुमार अग्रवाल के नाम से है। इसके संचालक अशोक अग्रवाल व मुकेश अग्रवाल हैं। इन पर डीएमएफ मद से करोड़ रुपए की सप्लाई में बड़ा घोटाला करने का आरोप है। दोनों के खिलाफ डीएमएफ घोटाले में एफआईआर भी दर्ज है। इसके पूर्व ईडी की टीम कारोबारी भाइयों के घर छापा मार चुकी है।

बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह करीब 4 बजे एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम कपड़ा कारोबारी व सप्लायर फर्म धजाराम विनोद अग्रवाल के संचालक भाइयों अशोक अग्रवाल व मुकेश अग्रवाल के निवास पर दो गाड़ियों में पहुंची। उन्होंने दरवाजा खुलवाकर जांच शुरु की। घर के किसी भी सदस्य को बाहर नहीं निकलने दिया गया है। दरवाजा बंद कर टीम दस्तावेज खंगालने के अलावा कारोबारी भाइयों से पूछताछ कर रही है। दोनों पर डीएमएफ घोटाले में एफआईआर दर्ज है। बताया जा रहा है कि सप्लायर फर्म धजाराम विनोद कुमार के संचालकों द्वारा पूर्व के कांग्रेस शासनकाल में महिला बाल विकास विभाग व आदिम जाति कल्याण विभाग में करोड़ों रुपए की सप्लाई की गई थी। दोनों कारोबारी भाइयों का नाम डीएमएफ घोटाले की एफआईआर में भी दर्ज है।हम आपको बता दें कि इसके पूर्व धजाराम विनोद कुमार सप्लायर फर्म के संचालकों मुकेश अग्रवाल व अशोक अग्रवाल के घर ईडी की टीम भी छापा मार चुकी है। इस दौरान घर से ईडी की टीम काफी दस्तावेज जब्त कर चुकी है। बंद मकान में क्या कार्रवाई हो रही है,इसका पता फिलहाल नहीं चल सका है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 2 लाख की ठगी,जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।

नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख रुपए ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार दीपक सिंह पिता रमेश प्रसाद सिंह अंबिकापुर स्थित गांधीनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया कि सूरजपुर कॉलेज रोड निवासी हेमंत नेताम से हमारे परिवार के साथ पुराना संबंध है। वह हमारे घर आना जाना करते हैं। इसी बीच उसने बताया कि मेरा मंत्रालय में जान पहचान है। तुम्हारी नौकरी लगवा दूंगा। दीपक व उसके पिता उसके झांसे में आ गए। नौकरी लगाने के लिए दीपक के पिता ने पहले डेढ लाख रुपए नकद दिए। इसके बाद नौकरी लग जाने का आश्वासन देता रहा। इसके बाद पुन: 20 जनवरी 2025 को फोन कर हेमंत ने दीपक के पिता को बताया कि नौकरी की बात आगे बढ़ गई है। इसके लिए 50 हजार रुपए और लगेगा। उसके विश्वास में आकर दीपक ने 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद आज तक न तो उसकी नौकरी लगी और न ही रुपए वापस कर रहा है। परेशान होकर दीपक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।






## भारतीय सेना के सम्मान में सरगुजा पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।

आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टोलरेंस नीति और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित कार्यक्रम तिरंगा यात्रा का आयोजन सरगुजा पुलिस द्वारा 17 मई को किया गया। रक्षित केंद्र से पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा बाइक रैली निकालकर तिरंगा यात्रा की शुरुवात की गई। जिसे एसपी राजेश अग्रवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सरगुजा पुलिस के तिरंगा यात्रा रैली से पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों में उत्साह देखने को मिला। सरगुजा पुलिस के जवान अपने हाथों में तिरंगा लिए देश के सुरवीर सैनिकों को उनके अदम्य साहस एवं पराक्रम के लिए सम्मान प्रकट किया गया। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से रवाना होकर जयस्तम्भ चौक,पुराना बस स्टैंड, ब्रम्ह रोड,संगम चौक,घड़ी चौक,गाँधी चौक,आकाशवाणी चौक, मिशन चौक, प्रतापपपुर चौक लरंगसांय चौक होते हुए पुनः रक्षित केंद्र पहुंची,सरगुजा पुलिस की देशभक्ति एवं जनसेवा से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा से नागरिको मे देशभक्ति का संचार हुआ एवं भारतीय सैनिको के जज्बे को सलाम किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम दुलदुला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामेश्वर पिता रामलाल गोड़ उम्र 25 सूरजपुर जिले के ग्राम रमकोला का रहने वाला था। वह शुक्रवार की शाम करीब 5.30 बजे ग्राम बडक़र से बाइक से वापस अपने घर जा रहा था। तभी ग्राम दुलदुली के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एडीआरएम पहुंचे अंबिकापुर,स्टेशन में सुविधाओं का लिया जायजा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।



अबिलासपुर रेलवे जोन के एडीआरएम ने अंबिकापुर पहुंचकर स्टेशन का जायजा लिया। अमृत भारत स्टेशन के तहत जीर्णोद्धार किए गए अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन 22 मई को पीएम मोदी करेंगे। उद्घाटन से पूर्व वरिष्ठ मंडल वाणिजय प्रबंधक बिलासपुर जोन (एडीआरएम) अनुराग कुमार सिंह समेत रेलवे के अन्य अधिकारियों ने शनिवार की दोपहर 1.30 बजे अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। उन्होंने यहां यात्रियों के लिए विकसित की गईं सुविधाएं देखीं और जरूरी निर्देश दिए। गौरतलब है कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में वेटिंग हॉल, यात्री शेड, कैंटीन समेत अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है। हम आपको बता दें कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन को टूरिस्ट स्पॉट वाला लुक दिया गया है। इस संबंध में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के निरीक्षक का कहना है कि अमृत भारत स्टेशन के तहत इस स्टेशन का उन्नत तरीके से जीर्णोद्धार किया गया है। यह पूरी तरह बनकर तैयार है। 22 मई को पीएम मोदी इसका वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा। चूंकि अंबिकापुर एक टूरिस्ट स्पॉट भी है। इस वजह से स्टेशन को भी उसी तर्ज पर बनाया गया है कि टूरिस्ट यहां घूमने आएं। हमारी कोशिश है कि हम इसे इतना खूबसूरत बनाएं कि लोग यहां घूमने भी आएं। यहां पार्किंग व्यवस्था सहित प्लेटफॉर्म पर वेटिंग हॉल सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है। आनेवाले समय में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन एक नजीर पेश करेगा।

## लखनपुर नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास पेंशन सामग्री खरीदी में हुई गड़बड़ी का विकास अग्रवाल ने लगाया आरोप

» मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आरोपों के बताया आरोप निराधार

- संवाददाता -
लखनपुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।





सरगुजा जिले का लखनपुर नगर पंचायत इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है।जहां लखनपुर नगर के विकास अग्रवाल ने नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास निर्माण,पेंशन दुकानों की नीलामी सहित सामानों की खरीदी बिक्री में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सरगुजा कलेक्टर से शिकायत कर सूक्ष्म जांच की मांग की है। वहीं इन आरोपों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने निराधार बताया है। विकास अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि 40 से 50 साल के व्यक्तियों को वृद्धा पेंशन दिया जाना,अपात्र लोगों को पात्र कर

प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराना ,डस्टबिन खरीदी ,निर्माण कार्य ,दाह संस्कार की लकड़ी खरीदी में तालाबों में फव्वारा,सहित अन्य खरीदी एवं कार्यों में गड़बड़ी किया गया है। विगत तीन चार सालों से एक ही ठेकेदार के द्वारा नगर पंचायत के समस्त निर्माण कार्य किया जा रहे हैं। बिना राजनीतिक दबाव के अगर सूक्ष्म जांच की जाए तो लगभग करोड़ों रुपए की गड़बड़ी के मामले सामने आएंगे। मेरे द्वारा इस संबंध में सरगुजा कलेक्टर को शिकायत कर सूक्ष्म जांच की मांग की गई है

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष पूर्व पार्षदों और नगर पंचायत कार्यालय के ऊपर जो भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा वह स्पष्ट रूप से निराधार है।रात को 11:00 बजे 12:00 बजे मुख्य नगर पालिका अधिकारी और उनके फैमिली मेंबरों को फोन कर मेरे से पेंशन की जानकारी मांगी जाती है। और धमकाया जाता है। इस संबंध में सरगुजा कलेक्टर पुलिस अधीक्षक अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारी से शिकायत की है। विकास गर्ग के भाई विवेक घर के द्वारा एक वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास के दो किस्त देने के बाद भी घर का निर्माण नहीं किया जा रहा है जिसे लेकर नोटिस जारी किया गया था और भी नागरिकों को आवास निर्माण नहीं करने पर नोटिस जारी किया गया था सूचना के अधिकार के तहत उनके द्वारा जो जानकारी मांगी जा रही है उपलब्ध कराई जा रही है।






## कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनतराई के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।

जानकारी के अनुसार शैलेस कुमार सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ पंडरीपानी का रहने वाला था। वह शनिवार को अपने साथी रोहित उर्फ टकलू के साथ बाइक से मोबाइल बनवाने सीतापुर गया था। वहां से दोनों वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में करीब 12.45 बजे मेन रोड सोनतराई के पास अंबिकापुर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 16 सीएस 0172 ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक बाइक से नीचे गर गए। दुर्घटना में शैलेष सिंह के सिर व शीरर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रोहित घायल हो गया है। जिसका इलाजा चल रहा है।

## दंपति ने समूह के नाम पर 15 लाख रुपए लोन निकलवाकर किए धोखधड़ी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।

शहर के कई वार्डों में पहले स्वयं सहायता समूह बनवाया। फिर महिलाओं के नाम पर बैंक से 15 लाख रुपए लोन निकलवाकर धोखधड़ी करने का मामला सामने आया है। समूह की महिलाओं ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर निवासी सीतारा मानिकपुरी ने कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि वार्ड क्रमांक 8 गांधीनगर निवासी मधुमिता पाल व मनेन्द्र पाल दोनों पति-पत्नी हैं। इन दोनों ने मिलकर पहले शहर के कई वार्डों में पहले स्वयं. सहायत समूह बनवाया। फिर समूहों के नाम पर दंपति ने बैंकों से ऋण निकलवाया।

बैंक से लोन निकलवाने के बाद दंपति ने सभी महिलाओं को 10-10 हजार रुपए देकर अन्य सारे रुपए रख लिए और उनके द्वारा कहा गया कि लोन का किशत मेरे द्वारा जमा किया जाएगा। इसके हलावा हर महीने महिलाओं को रोजगार भत्ता दिया जाएगा। यह सभी बातों को दंपति द्वारा स्टांप पर लिखकर दिया गया था। दंपति ने विभिन्न वार्ड से लगभग 30-40 महिला समूहों के प्रत्येक सदस्यों से 40-50 हजार रुपए लोन लिए हैं। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि बैंक अब समूह के महिलाओं पर लोन की किशत जमा करने के लिए दबाव बना रहा है। दंपति द्वारा कुल 15 लाख रुपए का धेखाधड़ी किए जाने माम मामला है। पुलिस दंपति के खिलाफ धारा 3(5), 318 (4) के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# जनसमस्याओं के निराकरण हेतु मेंड्राकला,अंधला व रामगढ़ में आयोजित हुआ समाधान शिविर

» मुख्यमंत्री की पहल बनी जनता के लिए उम्मीद की किरण

» समाधान पर संतुष्ट हितग्राहियों ने घंटी बजाकर की खुशी जाहिर





- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं में पारदर्शिता लाने और आम नागरिकों की मांग और शिकायतों का निराकरण करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में अम्बिकापुर के मेंड्राकला, लखनपुर के अंधला और उदयपुर के रामगढ़ में समाधान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए में ग्रामीणों की शिकायतों और मांगों का समाधान कर जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल,राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पायल विश्वविजय सिंह तोमर,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधा रवि,श्री भारत सिंह सिसोदिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि कलेक्टर श्री विलास भोसकर,जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राजेश अग्रवाल कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। आम नागरिकों की मांग और शिकायतों के लिए शासकीय दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े इसलिए सुशासन तिहार मनाया जा रहा। पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया गया है। वहीं तिहार के अंतिम चरण में प्राप्त आवेदनों के समाधान की विस्तृत जानकारी साझा की जा रही है। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि जो भी आवेदन नहीं कर पाए हैं उनके समाधान शिविर में आवेदन भी लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोदी की हर गारंटी पूरी हो रही है। विधायक श्री अग्रवाल ने प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने पर जिला प्रशासन की सराहना की।

शिविर में कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने हितग्राहियों से संवाद कर समाधान की विस्तृत जानकारी दी। और शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदाय कराया। समस्याओं के समाधान पर संतुष्ट हितग्राहियों ने घंटी बजाकर अपनी खुशी जाहिर की।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मेंड्राकला सेक्टर में 16 ग्राम पंचायत को मिलाकर समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 5083 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5042 मांग और शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। केवल 41 आवेदन अभी भी लंबित हैं, जिस पर नियमानुसार कार्यवाही जारी है। उदयपुर के रामगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में 17 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक सेक्टर बनाया गया था जिसमें कुल 5903 मांग और शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5891आवेदनों का निराकरण हुआ। शेष 12 आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही जारी है।

इसी क्रम में लखनपुर के अंधला में 16 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक सेक्टर बनाया गया था जिसमें 6190 मांग और शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 6176 आवेदनों का निराकरण हुआ, शेष 14 आवेदन का नियमानुसार कार्यवाही जारी है।



## आपरेशन सिंदूर अंतर्गत जिले में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा





» सेना के शौर्य को किया नमन, शहर एवं गांव-गांव में गूंजा भारत माता की जयघोष के नारे

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

जिले के गांव, शहर, नगर निगम,पंचायतों में आज 'आपरेशन सिंदूर' के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में देशभक्ति से समाहित वातावरण देखने को मिला।

तिरंगा यात्रा में अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत,भारत सिंह सिसोदिया,जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण,कलेक्टर विलास भोसकर सहित प्रशासनिक अमला एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ गांव, शहर और नगरीय क्षेत्र के मुख्य स्थल से होते हुए प्रमुख चौक, चौराहों तथा गलियों से होते हुए आगे बढ़ी।

इस रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों और बढ़-चढ़कर शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगा लहराते हुए, वंदेमातरम के नारे और भारत माता के जयकारों के साथ वातावरण को राष्ट्रीय एकता की भावना से भर दिया। तिरंगा रैली के दौरान सभी ने लोगों के चेहरों पर देश प्रेम और सैन्य शौर्य के प्रति गर्व की झलक देखने को मिली। विधायक श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा से हमारे सैन्य शौर्य के सम्मान में निकाली गई है। हमारे देश की सैन्य शक्ति का लोहा आज पूरा देश मना रहा है। आतंकियों ने बेगुनाह पर्यटकों की निर्मम हत्या की, जिसका बदला हमारे सैनिकों ने आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। वहीं कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रेरित करते हुए हमारे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिकों ने जोश और उत्साह के साथ एकजुट होकर एक स्वर में भारत माता की जय घोष,वंदे मातरम के नारे लगाते हुए भाग लिया।

## ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में तिरंगा और सिंदूर यात्रा में शामिल हों:भारत सिंह सिसोदिया

» अंबिकापुर में 18 मई को तिरंगा और सिंदूर यात्रा, राष्ट्रीय गौरव में हों सहभागी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

गौरवशाली ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में दिनांक 18 मई, रविवार को तिरंगा यात्रा (गुरु नानक चौक से विवेकानंद चौक) एवं सिंदूर यात्रा (जय स्तंभ चौक से विवेकानंद चौक, अंबिकापुर) का आयोजन शाम 4:30 बजे किया जा रहा है।



भारत सिंह सिसोदिया ने इस महत्वपूर्ण आयोजन में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, आम नागरिकों,शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारी गणों, छात्र-छात्राओं,भूतपूर्व सैनिकों, सुरक्षा बलों एवं व्यापारिक संस्थानों को सादर आमंत्रित किया है।

उन्होंने सभी माता एवं बहनों से विशेष आग्रह किया है कि वे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रीय गौरव का हिस्सा बनें। श्री सिसोदिया ने कहा कि यह यात्रा देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बलों के सम्मान में आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि इस राष्ट्रीय हित में आयोजित यात्रा में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

## प्रयास स्कूल के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम एवं प्रवीण्य सूची में शामिल छात्राओं को प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने दी बधाई



» छात्रों को सफलता के लिए किया प्रेरित

» विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण



- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

आदिम जाति, अनुसूचित जाति,पिछड़ा वर्ग,अल्प संख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय अंबिकापुर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए सम्मानित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर वृक्षारोपण भी किया।

श्री बोरा ने विद्यालय की कक्षा 10 वीं की छात्रा खुशबू बारिक एवं दिव्या चौहान को राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची (टॉप 10) में स्थान प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान उन्होंने छात्रों को संबोधन करते हुए कहा कि,जीवन बहुत लंबा है और उसकी दिशा आपके आज के प्रयासों से तय होती है। कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। जैसे आपने अभी सफलता अर्जित की है,वैसा ही परिश्रम करते रहें तो भविष्य में भी सफलता निश्चित है।

उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए उनकी आकांक्षाएं जानी। कई छात्रों ने आईएएस,आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बनने की इच्छा जताई। इस पर श्री बोरा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कहा कि आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के योगदान को विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण बताया।

प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बोर्ड परीक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के शत प्रतिशत रिजल्ट की सराहना करते हुए प्राचार्य,शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को भी बधाई दी।

इस दौरान विभाग के उप सचिव यू के राजपूत, सहायक आयुक्त श्री ललित शुक्ला,विभाग के अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य शिक्षक,प्रावीण्य सूची प्राप्त छात्रों के माता-पिता भी उपस्थित रहे।

## माता-पिता के साथ जमीन पर सोए मासूम बेटे को सांप ने डंसा,मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 मई 2025 (घटती-घटना)।

माता-पिता के साथ जमीन पर सो रहे मासूम बेटे को करैत सांप ने डंस लिया। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संजीय भुइयां रायपुर के ग्राम सिधमा का रहने वाला है। वह अपनी पत्नी मंजू व 8 वर्षीय बेटा रामू भुइयां के साथ अंबिकापुर से लगे ग्राम सुखरी स्थित एक ईंट भट्ठे पर रहकर काम करता है। 10 मई की रात को पूरा परिवार खाना पीना खाकर जमीन में बिस्तर लगाकर सोए थे। देर रात को बेटे की रोने की आवाज सूनकर पिता उठकर देखा तो बिस्तर पर करैत सांप था और संजीव के हाथ पर चढ़ रहा था। वह हाथ को झटका देकर सांप को फेंक दिया। इसके बाद बेटे को देखा तो उसके हाथ के पास सांप ने डंस चुका था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव जरूरी क्योंकि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्यों में बाधा आती हैः भारत सिंह सिसोदिया



» एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब 450 लाख करोड़ की बचत होगीः संतोष दास

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 मई 2025
(घटती-घटना)।

एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर अंबिकापुर विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम उदयपुर के रामगढ़ में आयोजित हुआ। इस विचार संगोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल तथा संवाद प्रमुख संतोष दास मुख्य वक्ता के रूप में तथा कार्यक्रम जिला प्रभारी मधुसूदन शुक्ला अतिथि के रूप में शामिल हुए।

भारत सिंह सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से न केवल देश की आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि नीति निर्माण में स्थिरता और निरंतरता भी आएगी। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी क्योंकि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्यों में बाधा आती है।

विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह पहल लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच सदैव राष्ट्रहित में रही है और यह अभियान उसी दिशा में एक ठोस कदम है।

विषय प्रमुख वक्ता संवाद प्रमुख संतोष दास ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश को एकजुट करने और संसाधनों के सही उपयोग के लिए यह प्रणाली बेहद जरूरी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस विचार को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब 450 लाख करोड़ की बचत होगी जो कि देश की जीडीपी के 1.5 प्रतिशत के बराबर है स्पष्ट है कि एक राष्ट्र एक चुनाव से होने वाली बचत से देश में विकास के नए अध्याय लिखे जा सकते हैं।

संगोष्ठी को भाजपा जिला मंत्री राधेश्याम सिंह ठाकुर,देवगढ़ मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह तथा रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह ने भी संबोधित किया।

### कार्यक्रम का संचालन त्रिलोचन सिंह ने किया...

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्या श्रीमती राधा रवि,अनिल सिंह, राकेश अग्रवाल,संतोष जायसवाल,श्याम लाल जायसवाल, कल्पना भदौरिया,चंद्रबसु यादव, दिनेश यादव,सुरेश अग्रवाल,राहुल अग्रवाल,मुन्ना सिंह,अर्जुन सिंह, नागेश्वरी बाई,बुधमोहन सिंह,रमेश यादव,मनीष बंसल सहित समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े अनेक प्रमुख नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सभी ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को सफल बनाने के लिए जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## एसएसपी की सख्ती... 8 महीने में 12 पुलिस आरक्षकों को किया बर्खास्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है. लंबे समय से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे दो आरक्षकों को सेवा से पृथक कर दिया गया है। पिछले 8 महीनों में अब तक 12 पुलिसकर्मियों को इसी तरह सेवा से पृथक किया जा चुका है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

अभी जिन आरक्षकों को नौकरी से बाहर किया गया है उनमें आरक्षक बलजीत पैकरा और अजय टोप्पो हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर की गई,जिन्होंने जांच के बाद कड़ी कार्रवाई का आदेश जारी किया।



दरअसल आठ महीने पहले जब पुलिस कप्तान प्रशांत कुमार ठाकुर को सूरजपुर जिले का जिम्मा सौंपा गया था,तब जिले में पुलिसिंग व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त थी। जिले में पुलिस परिवार पर ही हमला हुआ था और पुलिसकर्मी के पत्नी बच्ची की हत्या कर दी गई थी. तो सबसे बड़ी जिम्मेदारी जिले की पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार करना था। जिसके लिए एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने पुलिस कर्मियों को काम में लापरवाही न बरतने की सखूत हिदायत दी थी।

आरक्षक बलजीत पैकरा पिछले 130 दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के ड्यूटी से गैरहाजिर थे। जबकि आरक्षक अजय टोप्पो 62 दिनों से ड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे। विभागीय जांच में दोनों को कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता का दोषी पाया गया. जिसके बाद दोनों को नौकरी से पृथक बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस विभाग के नियमों के अनुसार बिना अनुमति या सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने को गंभीर अपराध माना जाता है।

### विभाग में अनुशासन सर्वोपरि है...

पुलिस कप्तान के अनुसार जो भी कर्मचारी अपने काम की गरिमा को नहीं समझेंगे लापरवाही और कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 8 महीनों में अब तक 12 पुलिसकर्मियों को इसी तरह सेवा से पृथक किया जा चुका है.हालांकि इस दौरान दो पुलिस कर्मी, जगदीश साहू,और सोमू प्रसाद सरगुजा रेंज के ढ्ढल कार्यालय में अपील किए थे,जिसके बाद नसीहत देते हुए उन्हें नौकरी में बहाल कर दिया है। सूरजपुर में यह अभियान पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार और कर्तव्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है।

### एसएसपी की सख्ती से विभाग में हड़कंप

इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है.अन्य कर्मचारियों को भी यह स्पष्ट संकेत मिला है कि ड्यूटी में लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में और भी जांचें की जाएंगी और अगर किसी अन्य कर्मचारी के खिलाफ भी इस तरह की शिकायतें मिलती हैं तो उनके खिलाफ भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## कलेक्टर के निर्देश पर हो रही है ताबड़तोड़ रेत की अवैध उत्खनन करने वाले पर कार्यवाही

» रेत व गिट्टी लोड हाईवा. टिप्पर,ट्रैक्टर आया पुलिस की गिरफ्त में वाहन मालिकों में मचा हड़कंप...

» रेत माफिया सदमे में...

- संवाददाता -
राजपुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिला कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में हो रहे खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दे रखे हैं। जिसको लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों ने सयुक्त टीम बनाकर रेत घाटों में लगातार दबिश देकर देकर अवैध रूप से रेत उत्खन कर परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने से वाहन मालिकों में हड़कंप मचा है.वहीं रेत माफिया सदमे में हैं।

जानकारी के अनुसार राजपुर क्षेत्र के रेत घाटों में अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजपुर और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध रेत और गिट्टी का उत्खनन व परिवहन करते 3 टिप्पर वाहन, 5 ट्रैक्टर ,एक हाइवा वाहन को राजपुर थाने में खड़ा कराया।



अपर कलेक्टर प्रमोद गुप्ता के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर राजीव जेम्स कुजूर,तहसीलदार पूनम रश्मि तिग्गा,नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों कार्यवाही की गई है।

एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर ने बताया कि 3 टिप्पर में सिंगचोरा महानदी से अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा था, गोपालपुर और सिंगचोरा के रास्ते में रोककर दस्तावेज का मांग किया गया,सही दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर तीनो टिप्पर को राजपुर थाने में खड़ा कराया गया है।वहीं सिंगचोरा महानदी और झींगों से 5 टैक्टर में अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा था। दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर पांचों टैक्टर को राजपुर थाने में खड़ा कराया गया है। उसी प्रकार बधिमा से हाइवा वाहन में गिट्टी लोड कर रामानुजगंज की तरफ आ रहे हाइवा के चालक से ग्राम अलखडीहा के पास रोक कर दस्तावेज की मांग की गई, चालक के द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई।चालक अंधेरे का फायदा उठा वाहन छोड़ फरार हो गया। संपूर्ण कार्रवाई में सारे वाहनों को राजपुर थाने में खड़ा कराया गया है। जांच प्रतिवेदन बना कर कलेक्टर कार्यालय और खनिज विभाग को प्रेषित किया गया है।

# भरतपुर सोनहत विधानसभा के 23-24 राज्य बजट में शामिल 24 कार्य किये गए निरस्तःसूत्र

## विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख पक्की सड़को सहित लगभग 170 करोड़ के कार्य समय सीमा समाप्त होने के कारण हुए निरस्त

### पूर्व विधायक गुलाब कमरो का आरोप सुशासन की सरकार में जनता का नुकसान

### मूलभूत सुविधाओ से जुड़े अति महत्वपूर्ण कार्यो का निरस्त होना दुर्भाग्यपूर्ण





-राजन पाण्डेय-
कोरिया,17 मई 2025 (घटती-घटना)।
पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के कार्य जो 23-24 के बजट में शामिल हुए थे उनकी समय सीमा समाप्त हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लगभग 170 करोड़ के 24 निर्माण कार्य वित्त विभाग की बजट पुस्तिका से निरस्त कर दिए गए हैं । बजट पुस्तिका से निरस्त होने के कारण फिलहाल इन सभी कार्यो के फिलहाल स्वीकृति की सभी सम्भावनाये भी खत्म हो गई हैं।

### क्या भरतपुर सोनहत के विकासकार्यो पर सरकार उदासीन?

इतने भारी भरकम और अतिआवश्यक कार्यो के निरस्ती होने के बाद कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है,क्या भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में सरकार विकास कार्य नही करना चाहती,क्या उक्त कार्य पूर्व सरकार और पूर्व विधायक के प्रयासों से बजट में जोड़े गए थे इस लिए सरकार बदलने के बाद इस पर ध्यान नही दिया गया, क्या वर्तमान विधायक की वजनदार छवि को शीर्ष नेतृत्व कमजोर करना चाह रहा है, या फिर विधायक महोदया ने इस ओर ध्यान नही दिया,बहरहाल जो भी हो पर उक्त कार्यो के निरस्त होने से नुकसान सिर्फ जनता का हुआ।

### किन परिस्थितियों में निरस्त होते हैं कार्य

वित्त विभाग की बजट पुस्तिका में निरस्त किए गए कार्यों का मतलब है कि उन कार्यों को बजट से हटा दिया गया है और उन पर खर्च करने का कोई प्रावधान नहीं है। यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि योजना में बदलाव, धन की कमी या कार्य की प्राथमिकता कम होना या फिर समय सीमा के अंदर उन कार्यो की फ़ाइल पर किसी भी प्रकार की हल चल न होना इसके अतिरिक्त कई बार विकास कार्य ओछी राजनीति का शिकार हो जाते।

### पूर्व विधायक ने सरकार पर उठाया सवाल



पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने बजट से 170 करोड़ के कार्य निरस्त होने पर सरकार के ऊपर सवाल उठाए हैं कमरो ने कहा कि क्या यही सुशासन की सरकार है, पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का दौरा होने के बाद क्षेत्र में कोई बड़ी घोषणा नही हुई ऊपर से पुराने बजट के कार्य भी निरस्त कर दिए गए क्या यही सुशासन है। पूर्व विधायक ने कहा कि सभी कार्य अतिआवश्यक और मूल भूत सुविधाओ से जुड़े हुए थे सभी ग्रामीण अंचलों के लिए मील का पत्थर साबित होते लेकिन सरकार ने उन्हें एक झटके में निरस्त कर दिया ऐसे में क्षेत्र का बड़ा नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई के शायद इस सरकार में अब सम्भव नही।

### कौन कौन से कार्य निरस्त हुए


पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने बताया कि जिला मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-सरतपुर के बघवार बाईपास मार्ग लबाई 4 निर्माण कार्य वर्ष 23-24, पराग आटा से लालपुर बाईपा्स मार्ग लबार्ड 1.5 कि मी. निर्माण कार्य एवं ताराबहरा अटल चौक से कपरिया पहुच मार्ग ल 25 कि.मी. कार्य वर्ष 2023-24, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-मरतपुर के छरछा से ढुलकु स्कूल तक मार्ग निर्माण लं 2 कि मी एव गढ़ेवा से हंसपुर पहुच मार्ग ल 2 किमी कार्य वर्ष 2023-24 छटटनपारा से ताराबहरा तक मार्ग 5.00 किमी0 (कार्य वर्ष 202-24) जिला कोरिया के बोडार बस्ती से देवालय तक मार्ग लं 2 कि.मी एवं मनेन्द्रगढ़ मुख्य मार्ग से सिंद्बाबा पहुच मार्ग ल 1.50 कि मी. (कार्य वर्ष 2023-24) जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर के पीएमजीएसवा्ड सडक से वार्ड क्र 11 प्राथमिक शाला होते हुये वार्ड क 13 डोंगरीपारा-जुडवानीपारा- मोरगा पहुच मार्ग लंबाई 6 कि.मी. निर्माण कार्य कार्य वर्ष 2023-24 ,जिला मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-मरतपुर के मुक्तियारपारा से भटाबाड़ी पहुंच मार्ग लंबार्ड 3 कि.मी. निर्माण कार्य एवं एन.एच. 43 से लाई बस्ती पहुंच मार्ग लं. 1.5 कि.मी. कार्य वर्ष 2023-24, पीएमजीएसवाई सडक से जटाशंकर चपलीपानी पहुच मार्ग ल 11.00 कि0मी0 कार्य वर्ष 2023-24,मोहनटोला से रामगढ पहुंच मार्ग लंबाई 3 कि मी. निर्माण कार्य (कार्य वर्ष 2023-24) जिला कोरिया के टिसकोली से आनन्दपुर पहुंच मार्ग लं. 7 कि मी0,मुख्य सडक से सेमरमथानी पहुच मार्ग ल.3 कि.मी एवं ढाबतुमाडी रूसनी मार्ग के हरमोना नाला में पुलिया निर्माण, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-मरतपुर कटौतिया से केल्हारी मार्ग लंबाई 40 कि .मी, का चौडीकरण निर्माण कार्य (राज्य मार्ग क. 08) (कार्य वर्ष 2023-24) इसी तरह राम वन गमन पथ के तहत भरतपुर विकासखण्ड के कई मार्ग शामिल हैं।

# वाटर संस्था का सोलर आधारित फोकस डेवलोपमेन्ट कार्यक्रम सोनारी में सम्पन्न




-संवाददाता-
कोरिया,17 मई 2025 (घटती-घटना)।
सोनहत ब्लॉक के ग्राम सोनारी में वाटर संस्था द्वारा संचालित फोकस डेवलपमेंट कार्यक्रम अतंर्गत सोलर आधारित लिफ्ट सिंचाई के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उक्त सोलर आधारित सिंचाई बोर 5 किसानों के बीच में एक बार किया गया जिसमें 5 किसानों के मध्य 7 एकड़ टिकरा जमीन सिंचित होगा और जहां केवल वर्षा पर ही आधारित खेती थी वह अब रबी और जायद के फसल भी किसान लेंगे,सभी सदस्यों ने सोलर के बोर के रख रखवा लिए बैंक में खाता खोला हुआ है और प्रति फसल बिक्री के बाद 500 रुपए भी जमा करने का प्रावधान किए है, समूह आधारित सोलर बोर सिंचाई सुविधा होने से पीने के साफ पानी के साथ 24 घंटा सिंचाई की सुविधा उपलब्ध रहेगा , कार्यक्रम में श्री अंशुमन जी राज्य प्रबंधक वाटर संस्था ने कहा कि वाटर संस्था ग्रामीण विकास के क्षेत्र में 30 साल से काम कर रही है और ग्राम में हितग्राही का चयन ग्राम विकास समिति के माध्यम से किया जाता है, श्री तरुण सर मिशन प्रबंधक ने कहा कि वाटर संस्था ग्राम विकास के क्षेत्र में बेहतर और गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और आज गांव में जो भी काम हो रहा है वो आने वाले पीढ़ी के लिए है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सोलर आधारित सिंचाई के सदस्य और बिहान से बीपीएम मसतराम और वाटर संस्था से विनायक कुमार अजय, सुधान और सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत ने लिया ऐतिहासिक निर्णय, पत्रकारों के लिए आरक्षित किया प्रेस भवन



-संवाददाता-
कोरिया,17 मई 2025 (घटती-घटना)।
जिला के सोनहत जनपद पंचायत के हाई स्कूल के सामने स्थित पुराना रेस्ट हाउस अब पत्रकारों के लिए एक नए प्रेस भवन के रूप में परिवर्तित होने जा रहा है। इस निर्णय ने क्षेत्र में पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच उत्साह का संचार कर दिया है। पहली बार ग्राम पंचायत ने चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण भवन को आरक्षित किया है, जिसे लोगों ने बेहद सराहा है।

सोनहत के ग्राम पंचायत ने हाल ही में एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें पुराना रेस्ट हाउस पत्रकारों के लिए प्रेस भवन बनाने के लिए आरक्षित किया गया। यह निर्णय क्षेत्र में मीडिया की भूमिका को मान्यता देते हुए, पत्रकारों की जरूरतों को प्राथमिकता देने का एक बड़ा कदम है। ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने इस फैसले के पीछे की सोच साझा करते हुए कहा, ÷हम मानते हैं कि पत्रकारिता समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रेस भवन का निर्माण पत्रकारों को एक स्थायी स्थान प्रदान करेगा,जहां वे अपनी गतिविधियों को संचालित कर सकेंगे।

### पत्रकारों ने इस फैसले का किया स्वागत

पत्रकारों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह न केवल उनके काम को आसान बनाएगा,बल्कि ग्रामीण पत्रकारिता को भी एक नई दिशा देगा। यह निर्णय हम सभी के लिए गर्व की बात है। हम ग्राम पंचायत के सरपंच और पंचों का दिल से धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमारे लिए यह स्थान आरक्षित किया। ग्राम पंचायत का यह निर्णय न केवल पत्रकारों के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक प्रेरणादायक कदम है। यह स्पष्ट करता है कि समाज में पत्रकारिता की भूमिका को समझा जा रहा है और उसकी अनिवार्यता को स्वीकार किया जा रहा है। इस प्रेस भवन के निर्माण से न केवल पत्रकारों को एक स्थायी स्थान मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्र की पत्रकारिता को एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। अब देखना यह है कि यह भवन किस तरह से पत्रकारों के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन लाता है और स्थानीय समुदाय के विकास में किस प्रकार सहायक सिद्ध होता है।

### पेंशन प्रकरण में लापरवाही, बीएमाओ निलंबित

-संवाददाता-
जशपुर,17 मई 2025 (घटती-घटना)।
बगीचा विकासखंड के बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) मनीराम यादव को सेवा संबंधी लापरवाही और पेंशन प्रकरण में निष्क्रियता बरतने के कारण सरगुजा संभाग के कमिश्नर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। शासकीय हाई स्कूल चंपा में कार्यरत रहे सेवानिवृत्त भृत्य अर्जुन राम ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जब कलेक्टर रोहित व्यास से गुहार लगाई,तो एक निष्पक्ष जांच का मार्ग प्रशस्त हुआ। अर्जुन राम का आरोप था कि उनके पेंशन और सेवा-स्वत्व संबंधित दस्तावेज जानबूझकर बीईओ कार्यालय में लंबित रखे गए और उन्हें कई महीनों से अनदेखा किया जा रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित की। रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होने के बाद कलेक्टर ने संभागायुक्त को निलंबन की अनुशंसा की, जिस पर संज्ञान लेते हुए कमिश्नर ने बीईओ मनीराम यादव को निलंबित कर दिया।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
संभाग मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0)
निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक-1643/NIT-1/2025-2026/व.ले.लि. दिनांकः13/05/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22/05/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 27/05/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने कीर तिथि :- 28/05/2025 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक

| एन.आई.टी . क्रमांक निविदा क्र0 | कार्य का नाम NoofCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू0 में) बैंक साल्वेसी राशि (रू0 में) कार्य की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | व्यवहार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया में बार रूम के पास रिक्त भूमि पर हॉल के विस्तार कार्य। प्रथम आमंत्रण | |
| 2 | जिला पशु चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में रोड निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- है इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
जी नंबर-25260939/2
अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग मनेन्द्रगढ़
जिला-एमसीबी (छ0ग0)

**कार्यालय,कलेक्टर (आबकारी), जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
वर्ष 2025-26 में देशी कम्पोजिट/विदेशी कम्पोजिट/विदेशी मदिरा दुकानों में संग्रहित मदिरा की खाली कार्टन (पुठ्ठा) का विक्रय किये जाने के लिये विक्रय दर बुलाये जाने हेतु।
//निविदा सूचना//
क्रमांक/आब./ठेका/2025/956 सूरजपुर,दिनांक-14.05.2025
सर्व साधारण की विशेष जानकारी के लिये यह निविदा सूचना प्रकाशित की जाति है, कि सूरजपुर जिले में संचालित 02 देशी कम्पोजिट मदिरा एवं 01 विदेशी कम्पोजिट मदिरा तथा 07 विदेशी मदिरा दुकानों में संग्रहित मदिरा की खाली कार्टन (पुठ्ठा) का विक्रय किये जाने के लिए, विक्रय दर बुलाये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि हेतु 31 मार्च 2026 तक के लिए निविदा आंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ताओं द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिनांक 29.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन तकनीकी शर्त एवं प्राईस बिड युक्त मुहरबंद लिफाफे में पृथक-पृथ्क निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सका मूल्य रूपये 1000/- एवं जी.एस.टी. 180/- कुल 1180/-रूपये निर्धारित है। दिनांक 30/05/2025 को सायं 4:00 बजे निविदा खोला जावेगा। अधिकतम दर को स्वीकार किया जावेगा। समयावधि पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा शर्तों का अवलोकन तथा अन्य जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. सूरजपुर से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।
जी नंबर-252600948/3
कलेक्टर
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202504020700140**
विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सन्ः-2024-25
लब्जी प.ह.नं.00027(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-सुखदेव,गुलाब,मुठुरी, पीरी,परबतिया लकड़ा,परमेश्वरी, बसंती,
अनावेदक पक्षकार- सुखदेव,परमेशवरी, मुठुरी,बसंती,पीरी,गुलाब,परबतिया लकड़ा,
ईश्तहार
आवेदक परबतिया आ0 केन्दा व अन्य, निवासी ग्राम लब्जी, लहसील अंबिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम लब्जी स्थित खसरा नं. 903, 904, 905, 1627, रकबा 0.057, 0.077, 0.008, 0.894 हे0 कुल खसरा नंबर 4 कुल रकबा 1.036 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/2 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/05/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता हैं।
सील
तहसीलदार
अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**
रा.प्र.क. /अ-62/2024-25
ग्राम-प्रतापपुर
कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स)संभाग सूरजपुर
आवेदक ................
प्रति,
छ0ग0शासन
//ईश्तहार//
(जारी दिनांक 14.05.2025)
कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि.(भ/स) संभाग सूरजपुर के पत्र क्रमांक 428/ तक /2024-25 सूरजपुर दिनांक- 25.04.2025 अनुसार प्रतापपुर में ऑडिटोरियम भवन निर्माण कार्य हेतु प्राप्त भूमि से पेड़ों की कटाई एवं सीमांकन कराने हेतु निर्माण कार्य हेतु आबंटित भूमि खसरा नंबर 10 रकबा 3.5200 हे. भूमि में 06 नग जर्जर वृक्ष है उक्त वृक्षों की कटाई हेतु अनुमति चाहा गया है।
इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 21/05/2025 तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 14/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सील
अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
प्रतापुर, जिला-सूरजपुर(छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार अंबिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)**
रा0प्र0क्र0-202505021700027
अ-27/2024-25
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्दन राम राजवाडे आ0स्व0 उदयराम, जाति रजवार, निवासी ग्राम घंघरी, तहसील अम्बिाकपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम घंघरी स्थित भूमि कुल खसरा नं. 13 कुल रकबा 2.0810 हे0 भूमि का अनावेदिका राजमती पति उदयराम व अन्य, निवासी ग्राम घंघरी, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के मध्यम खाता विभाजन कराने के संबंध में आवेदन छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 178 के तहत प्रस्तुत की गई है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 04/06/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता हैं।
सील
नायब तहसीलदार,
अम्बिकापुर-2 (छ.ग.)



# राजदीप सिंहदेव कोरिया राजपरिवार का वारिस होने के बावजूद भी अब प्रमाण देने में जुटे...

## राजदीप सिंहदेव की माता का निधन गुजरात में हुआ लेकिन श्रद्धांजलि सभा कोरिया जिले में भी आयोजित किया गया

## 17 मई को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कोरिया जिले सहित उसके आसपास जिले के लोग हुए शामिल

-रवि सिंह-
कोरिया,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया राजपरिवार घराना काफी बड़े राजघराने में आता है कई लोग इस घराने से जुड़े हुए हैं इसका इतिहास भी काफी पुराना है पर आज भी उसके इतिहास से जुड़े लोग कुछ अनजान है और आज की पीढ़ी और भी अनजान है यदि कोरिया रियासत की बात की जाए और उसके वंशवृक्ष की बात की जाए तो काफी बड़ा वंशवृक्ष माना जाता है अभी इस समय कोरिया राज परिवार के वारिशदार राजदीप सिंहदेव लगातार दावा कर रहे हैं कि वह इस कोरिया रियासत के राज परिवार के वारिसदार हैं जो बात लंबे समय से छुपी हुई थी लोग इस जानकारी से अनजान थे अब आज यह जानकारी जब लोगों के सामने आई हुई है तो तरह-तरह की बातें हो रही है पर वही राजदीप सिंहदेव कोरिया कुमार के वारिसदार हैं इसे साबित करने में वह जुटे हुए हैं उन्हें कई सबूत इस समय जनता के सामने प्रस्तुत करना पड़ रहा है ताकि यहां की जनता भी उन्हें इस राजपरिवार का वारिसदार समझे और उन्हें वही अहमियत दे जो बाकी लोगों को मिलता था अभी हाल ही में राजदीप सिंहदेव जी की माता का निधन हो गया था और वह उस निधन कार्यक्रम के बाद कोरिया से दूर अपने गुजरात वाले घर में शोक कार्यक्रम में व्यस्त है अब सवा महीने के बाद वह कोरिया जिला आए हैं और अपनी स्वर्गीय माता के लिए एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी वह आयोजित कर रहे हैं।



राजदीप सिंहदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे आदरणीय माता जी रानी साहिबा तृप्ति देवी बा (पौत्रवधु महाराजा शिवमंगल सिंह देव जी कोरिया रियासत) का निधन 08 अप्रैल 2025, चैत्र शुक्ल एकादशी मंगलवार को गुजरात में हो गया है, कोरिया राजपरिवार पर आयी इस दुःख की घड़ी में आपकी और आपके परिवार की गरिमामयी उपस्थिति से हमें सांत्वना प्राप्त करायें एवं इसमें से हमें शीघ्र बाहर निकलने की शक्ति माँ महामाया प्रदान करें यही निवेदन है। स्व. रानी साहिबा तृप्ति देवी बा पुत्री दिलीप सिंह जी परमार मूली गुजरात के क्षत्रिय राजपूत परिवार से ताल्लुक रखते थे व अपने अभ्यास काल में राष्टीय कक्षा के हैण्डबॉल, बॉस्केबॉल के खिलाड़ी एवं कप्तान रहे जिन्होने अपनी टीम का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया एवं विजयी रहे। इसके अलावा वे गुजरात बार काउंसिल के भूतपूर्व उप प्रमुख रहे। वे कड़वी बाई कन्या शिक्षा ट्रस्ट के सदस्या और गुजरात राजपूत महिला संगठन के प्रमुख सदस्या भी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक निः सहाय महिलाओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। रानी साहिबा तृप्ति देवी बा (बी.ए. एल.एल.बी.) इनका जन्म 13.08.1964 और मृत्यु 08.04.2025 को हुई, इनका विवाह 11.02.1989 को कोरिया रियासत के लाल ईश्वर शरण सिंहदेव उर्फ महाराज अम्बरीश सिंह जी पुत्र लाल हरिशरण सिंहदेव जी (छोटे सरकार) से हुआ। इनके श्रद्धा सुमन अर्पित करने की 17 मई 2025 दिन-शनिवार, समय सायं 05 बजे शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नात्कोत्तर महाविद्यालय,वैकुण्ठपुर,जिला-कोरिया (छ.ग.) आयोजित किया गया है जहां पर सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### इनके परिवार के दिव्य आशीष

स्व. महाराजा शिवमंगल सिंहदेव जी (आदरणीय दादा ससुर साहब)

स्व. महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव जी (आदरणीय बड़े ससुर साहब)

स्व. महाराज लाल रामशरण सिंहदेव जी (आदरणीय बड़े ससुर साहब)

स्व. महाराज लाल हरिशरण सिंहदेव जी (आदरणीय ससुर साहब)

स्व. महाराज लाल ईश्वर शरण सिंहदेव जी उर्फ अम्बरीश सिंहदेव जी (पतिदेव)

### शोकाकुल परिवार

महाराज राजदीप सिंहदेव सोनाक्षी कुमारी (पुत्र-पुत्रवधु)

राजकुमारी अनुराधा सिंहदेव राणावत-राजकुमार महिपाल सिंह जी राणावत (पुत्री-जमाई साहब) ठाकुर साहब तख्त सिंह जी राणावत (समधी साहब, अनुराधा सिंहदेव राणावत के ससुर साहब)

राजकुमार जयवर्धन सिंह देव, राजकु?मारी अद्रिका कुमारी सिंहदेव (पौत्र-पौत्री)

भँवर कुमारी प्रियदर्शनी सिंह राणावत,भँवर कुमार रूद्रांश प्रताप सिंह राणावत (दोहिती-दोहिता) एवं समस्त सिंहदेव चौहान राजपरिवार कोरिया एवं झिलमिली एस्टेट,भैयाथान (छ.ग.)

# सूरजपुर में निकाली गयी तिरंगा यात्रा, 'भारत माता की जय' से गूंजा शहर

## सेना के सम्मान में जिले के विभिन्न स्थानों पर निकाली तिरंगा यात्रा,भारत माता की जय-जयकार और वंदे मातरम के लगे नारे






-संवाददाता-
सूरजपुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जोश शनिवार को सूरजपुर की सड़कों पर दिखाई दिया। अदम्य साहस और शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा सूरजपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर निकाली गई। हर हाथ में तिरंगा था,मुट्ठीबंद हाथ उठते और जोशीली आवाज में भारत माता के जयकारे गूंज उठती।इस तिरंगा यात्रा में महिलाओं,युवाओं और प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. जोश से भरे युवाओं ने भारत माता की जय और वीर जवानों की जय नारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया। इस दौरान लोगों ने भारतीय सेना के जज्बे को सलाम किया और कहा कि हम देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने को तैयार हैं।

इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने कहा कि तीनों सेनाओं के शौर्य और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी नागरिकों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

विदित हो कि सूरजपुर जिले के सभी जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में गणमान्य नागरिक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े,रेडक्रॉस सोसायटी सूरजपुर के अध्यक्ष श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री भीमसेन अग्रवाल,श्री मुरली मनोहर सोनी,श्री शशिकांत गर्ग, श्री संदीप अग्रवाल,श्री अजय अग्रवाल,अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर,जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू,अपर कलेक्टर श्री जगन्नाथ वर्मा, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी गण,नगर सेना व पुलिस बल उपस्थित थे।

# पीएम आवास ग्रामीण में जीरो टॉलरेंस,लापरवाही पर होगी शख्त कार्यवाही : सीईओ जिला पंचायत

-संवाददाता-
सूरजपुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।



कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले में पीएम आवास की निरंतर समीक्षा एवं प्रगति की मॉनिटरिंग की जा रही है। उक्त तारतम्य में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती साहू ने समस्त जनपद पंचायतों की विस्तृत समीक्षा की। इसमें प्रथम पाली में ओडगी,प्रेमनगर एवं प्रतापपुर तथा द्वितीय पाली में भैयाथान,सूरजपुर व रामानुजनगर सम्मिलित हुए। इसमें मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृत समस्त आवासों को अविलंब पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया है। स्वीकृति के लिए शेष बचे आवासों को जल्द स्वीकृति का कार्य पूर्ण करते हुए, कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2016- 23 तक के आवासों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। सीईओ जनपद पंचायत निरंतर समीक्षा करें, प्रति ग्राम पंचायत से प्रतिदिन की टैगिंग सुनिश्चित करिए, हितग्राहियों से सीधे संपर्क स्थापित करते हुए, चौपाल लगाकर संवाद करिए, उन्हें प्रेरित करिए। किसी भी हितग्राही का राशि कार्य पूर्ण करने के बाद लंबित न रहे। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित जनपद से जिम्मेदारी तय की जावेगी। पीएम आवास के तहत् अभिसरण से मिलने वाले 90 मानव दिवस की मजदूरी भुगतान को समय पर जारी करने का निर्देश दिया गया। सभी अवगत हों कि शासन के निर्देशानुसार योजना में पारदर्शिता एवं क्रियान्वयन की कोई भी शिकायत आती है तो कड़े एक्शन लिए जाएंगे। इसके साथ ही गृह पोर्टल पर एंट्री का कार्य, आवास मित्र मॉनिटरिंग ऐप की स्तिथि की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में कार्यपालन अभियंता आर ई एस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, एपीओ नरेगा,डीसी पीएम आवास, एसडीओ आरईएस समस्त,एई पीएम आवास,पीओ नरेगा,बीसी पीएम आवास,उपयंत्री, तकनीकी सहायक समस्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पुलिस ने जुआड़ियों पर कार्यवाही करते हुए कुल लगभग 1,57,000 रुपए को किया जब्त



-संवाददाता-
कोरबा,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

थाना सिविल लाईन रामपुर पुलिस, सायबर सेल कोरबा, थाना उरगा के संयुक्त टीम द्वारा जुआ के फड़ पर की कार्यवाही। विगत दिनांक 16.05.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि मन्नू उर्फ अमित ग्राम गोढ़ी का रहने वाला है। मन्नू ग्राम गोढ़ी के आसपास के गांवों से जुआड़ियों को बुलाकर बकरा भात का आयोजन कर रात्रि में जुआ खेलवाने का काम करता था। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को मिलने पर गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, यातायात एवं सायबर सेल प्रभारी रविंद्र कुमार मीना, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन में पुलिस की संयुक्त टीम बनाया गया जिसमें निरीक्षक प्रमोद डनसेना सिविल लाईन कोरबा, उरगा प्रभारी उनि राजेश तिवारी व सायबर सेल अजय सोनवानी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाकर मुखबीर सूचना पर बताए गए पता ग्राम गोढ़ी रवाना किया गया। टीम के सदस्यों के द्वारा रकततराई ग्राम गोढ़ी मन्नू उर्फ अमित के बाड़ी में घेराबंदी कर जुआ खेलने वाले जुआडियों को दबोचा गया। जहां उपरोक्त जुआड़ी 1. गौतम सिंह कंवर पिता श्री मद्राज सिंह उम्र 31 साल पता कुकरीचोली उरगा 2. बसंत भण्डारी पिता स्व. श्री झंगलाराम भण्डारी उम्र 28 साल पता खडियापारा ग्राम गोढी 3. देवेन्द्र कुमार पिता स्व0 श्री मंगल सिंह उम्र 32 साल पता ग्राम अंजोरीपाली भैसमा 4. राजकुमार बरेठ पिता स्व0 छेदुलाल बरेठ उम्र 37 साल पता अंजोरीपाली भैसमा उरगा 5. दिनेश कुमार टण्डन पिता श्री छतराम टण्डन उम्र 40 साल पता कर्रानारा भैसमा उरगा 6. हरविन्द सिंह पिता श्री गोपाल सिंह उम्र 27 साल पता बस्ती पारा भैसमा 7. मनेस कुमार पिता उदेराम सतनामी उम्र 34 साल पता अंबेडकर नगर बेदरकोना 8. अमीत कुमार पिता मनोज कुमार गांगुली उम्र 28 साल पता बाजारचौक गोढी 9. रामकुमार केवट पिता परदेसी राम केंवट उम्र 32 साल पता बाजार चौक भैसमा 10. मधुसुदन प्रसाद जायसवाल पिता श्री संतोष जायसवाल उम्र 35 साल पता 11. संजय कवंर पिता श्री साधु कवंर उम्र 44 साल पता भैसमा बस्ती थाना उरगा 12. ईनवर सिंह पिता दमेन्द्र कुमार डहरिया उम्र 27 साल पता बाजार चौक उप स्वास्थ्य केन्द्र गोढी से कुल जुमला रकम नगदी रकम 1,57,000 रु, एक दरी जामनी कलर, सिरका कंपनी का एलईडी लाईट एवं बिजली वायर,10 दो पहिया वाहन,एक कार को जब्त किया गया। आरोपिया के खिलाफ अप क. 297/2025 धारा-3 छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# तक्षशिला मेघा लाइब्रेरी में कानूनी जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन





-संवाददाता-
सूरजपुर,17 मई 2025
(घटती-घटना)।

श्रीमती विनीता वार्नर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के मार्गदर्शन में माननीय श्री आनंद प्रकाश वारियाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय सूरजपुर के दिर्नेशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरजपुर द्वारा तक्षशिला मेघा लाइब्रेरी सूरजपुर में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री आनंद प्रकाश वारियाल,जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायाधीश ने बच्चों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा समय सभी को बराबर मिलता है समय का सदुपयोग करना स्वय पर निर्भर है, मेहनत कभी भी जाया नहीं जाती मेहनत करते रहो, कभी हतोत्साहित मत होना एक ना एक दिन कामयाबी जरूर मिलेगी। उन्होंने अपने अनुभवों के साथ कई उदाहरण पेश करते हुए शिक्षा का जीवन में महत्व, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, चरित्र निर्माण, एवं शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रेरित किया।

उन्होंने आगे लैंगक अपरोधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में जानकारी देते हुए अधिनियम में दिए प्रावधानों से अवगत कराते हुए कहा अपने जिन्दगी के सबसे बड़े जज आप है अपना अच्छा-बुरा सोचने एवं अपने जिन्दगी के फैसले लेने के लिए स्वतंत्र है, उन्होंने बडी शक्ति के साथ कहा अपने फोन एवं सोशल मीडिया का उपयोग बड़ी सावधानी पूर्वक करें,न्यूड फोटोग्राफी वीडियों एवं वीडियो कॉल से बचें एक वीडियों/फोटो को उपयोग कर कोई आप का पूरा जीवन बर्बाद कर सकता है। उन्होंने आगे सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत आम नागरिकों के लिए मिलने वाले निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह एवं राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट तथा नालसा की टोल फ्री नम्बर 15100 की सेवाओं के सबंध में विस्तार से जानकारी दी। ग्रंथालय के सदस्य पाठकों विद्यार्थियों प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र में जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में न्यायाधीश ने लाइब्रेरी का भ्रमण किया ग्रंथपाल ने पुस्तकालय के गतिविधियों, संशाधनों और सेवाओं से अवगत करया। ज्ञात हो जिला प्रशासन के प्रयास से जिले में तक्षशिला मेघा लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है जिसमें अठ्ठारह हजार से अधिक पुस्तकों का कलेक्शन एव ऑनलाईन पढाई हेतु कम्प्युर एवं इंटरनेट उपलब्ध है जहा कोई भी व्यक्ति एक वर्ष के लिए 850 रूपये में सदस्यता लेकर प्रतियोगी परीक्षा एवं अन्य तैयारीयाँ कर सकता है। जगरूकता कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य श्री अंकित कुमार अग्रवाल प्रभारी ग्रंथपाल द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री रवि पाण्डेय सहायक ग्रंथपाल, अधिकार मित्र श्री चिरंजीव राजवाडे कृष्णकांत कुशवाहा, अभय तिर्की एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।


## संक्षिप्त खेल खबर

### 2026 में कोई मैच नहीं खेलेगी मेस्सी की अर्जेंटीना टीम



**कोच्चि,17 मई 2025।** केरल के फुटबॉल प्रेमियों को अब अपने पसंदीदा खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और उनकी विश्व कप विजेता अर्जेंटीना फुटबॉल टीम को केरल की धरती पर खेलते देखने के लिए इंतजार करना होगा। पिछले साल नवंबर में केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान और उनकी टीम ने स्पेन में आयोजित एक बैठक के बाद अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ कई दौर की चर्चाओं के बाद यह घोषणा की थी कि मेस्सी और उनकी टीम अपने प्रदर्शनी मैचों के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में केरल में कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। लेकिन, 2026 के लिए अर्जेंटीना का कार्यक्रम अब सामने आ गया है, इसलिए केरल इस योजना में कहीं नहीं है क्योंकि दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र को चीन, कतर और अफ्रीका में खेलना है।

### फाफ डु प्लेसिस,ट्रिस्टन स्टब्स आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए डीसी टीम में शामिल हुए



**नईदिल्ली,17 मई 2025।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने शनिवार को पुष्टि की कि उप-कप्तान फाफ डु प्लेसिस और मध्यक्रम के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फिर से शुरू होने से पहले टीम में शामिल हो गए हैं, डीसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार। फ्रैंचाइज़ी ने यह भी पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर डोनोवन फेरेरा फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। स्टार्क इस सीजन में डीसी के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। दिल्ली कैपिटल्स उनके फैसले का पूरा सम्मान करती है और उनकी निरंतर सफलता के लिए अपना समर्थन और शुभकामनाएं देती है। दूसरी ओर, ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा 18-24 मई 2025 की अवधि के लिए चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ जुड़ने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रदान किया गया है।

# किसके सिर सजेगा ऑरेंज कैप का ताज

» 10 दिन बाद बदलेगी ऑरेंज कैप?

» खत्म हो जाएगी सूर्या की बादशाहत



**नईदिल्ली,17 मई 2025।** आईपीएल 2025 में करीब दस दिन के ब्रेक के बाद अब फिर से मैदान पर वही पुराना रोमांच लौटने वाला है। साथ ही ऑरेंज कैप की जंग भी दिलचस्प मोड़ लेने वाली है। मुंबई इंडियंस के सूर्या कुमार यादव अभी तक सबसे ज्यादा रन बनाकर इस सीजन ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाए हुए हैं। सूर्या ने 6 मई से ही ऑरेंज कैप अपने पास रखी हुई है, लेकिन अब उनकी बादशाहत पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। और वो भी किसी और से नहीं, बल्कि किंग विराट कोहली से।

दरअसल, विराट कोहली इस सीजन गजब की फॉर्म में हैं। अब तक खेले गए 11 मैचों में उन्होंने 500+ रन बनाए हैं और सूर्या के पीछे छोड़ने के बेहद करीब हैं। आरसीबी का मुकाबला आज केकेआर से है और जिस तरह कोहली ने इस मैदान पर पहले प्रदर्शन किया है, उनके बल्ले से बड़ी पारी की पूरी उम्मीद है। कोहली आज के मैच में 6 रन बनाते ही आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे और सूर्या को दूसरे पायदान पर धकेल देंगे।

**सूर्या ने अब तक बनाए इतने रन**

सूर्यकुमार यादव ने इस सीजन अब तक 12 पारियों में 510 रन बनाए हैं। वही, कोहली के नाम 11 मैचों में 505 रन दर्ज हैं। यानी कोहली आज ही इस अंतर को खत्म कर ऑरेंज कैप अपने नाम कर सकते हैं। इस सीजन विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे पायदान पर हैं। कोहली से आगे सिर्फ गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल हैं। सुदर्शन 509 रनों के साथ दूसरे पायदान पर हैं। वहीं, गिल 508 रनों के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। कोहली के पास आज 3 खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए नंबर-1 बनने का मौका है।

**आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज**

सूर्यकुमार यादव - 510
साई सुदर्शन - 509
शुभमन गिल - 508
विराट कोहली - 505
जोस बटलर - 500
यशस्वी जायसवाल- 473

सूर्या, सुदर्शन गिल और कोहली के अलावा ऑरेंज कैप की रेस में और भी दावेदार हैं, जिनमें गुजरात टाइटंस के जोस बटलर और राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल का नाम भी शामिल है। बटलर 500 रन बना चुके हैं और जायसवाल इस आंकड़े के बेहद करीब है। अब दोनों बल्लेबाज आगे निकलने का मौका तलाश रहे हैं। लेकिन फिलहाल जो सबसे बड़ी टक्कर है, वो सूर्या और कोहली के बीच है। अब देखना होगा कि क्या विराट कोहली आज ही सूर्या की बादशाहत खत्म करते हैं या ये जंग अगले मैच तक खिंचती है।

# पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा को 90 मीटर भाला फेंकने पर दी बधाई



**नईदिल्ली,17 मई 2025।** भारतीय एथलेटिक्स के सितारे नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड जीतने के बाद अब नीरज ने भाला फेंक में 90 मीटर का आंकड़ा पार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीरज को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- शानदार उपलब्धि! दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का नतीजा है। भारत को उन पर गर्व है।

**जूलियन वेबर ने हासिल किया पहला स्थान**

नीरज चोपड़ा ने लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 90 मीटर की ऐतिहासिक दूरी पार करते हुए 90.23 मीटर का शानदार थ्रो किया। हालांकि,इसके बावजूद वह दोहा में हुई डायमंड लीग 2025 के मुकाबले में जर्मनी के जूलियन वेबर से पीछे रह गए। वेबर ने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का जबरदस्त थ्रो फेंककर पहला स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह रही कि वेबर ने भी पहली बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंका और इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दुनिया के 26वें खिलाड़ी बन गए। वहीं, ग्रेनाडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन और पेरिस ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एंडरसन पीटर्स 84.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

**नीरज के लिए मुकाबला खट्टा-मीठा रहा...**

मुकाबले के बाद नीरज ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 90 मीटर पार करना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि मुकाबला थोड़ा खट्टा-मीठा रहा। कोच जान जेलेंजी ने पहले ही कहा था कि आज वह ये दूरी पार कर सकते हैं। मौसम और हवा दोनों ने साथ दिया। उम्मीद है आने वाले टूर्नामेंटों में इससे भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। नीरज ने अपनी शुरुआत 88.44 मीटर के थ्रो से की, जबकि दूसरा प्रयास फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 90.23 मीटर की दूरी छूकर सभी को रोमांचित कर दिया। इसके बाद उनके थ्रो क्रमशः 80.56 मीटर, फाउल और 88.20 मीटर रहे। भारतीय खेल प्रेमियों के लिए यह पल बेहद गर्व का रहा, क्योंकि नीरज ने कड़ी मेहनत के दम पर आखिरकार 90 मीटर की दूरी को हासिल किया। नीरज ही नहीं देशवासियों को इस पल का लंबे से समय से इंतजार था।

### बांग्लादेश ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई...



**यूपिया,17 मई 2025।** एआईएफएफ की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार,बांग्लादेश ने नेपाल अंडर-19 को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराकर एसएएफएफ यू-19 चैम्पियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पहले हाफ में गोल रहित रहने के बाद, अंतिम 20 मिनट में खेल में जान आ गई। आशिकुर रहमान ने 74वें मिनट में गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की और संयमित फिनिश के साथ गतिरोध को तोड़ा। नजमुल हुदा फैसल ने सात मिनट बाद ही दूसरा गोल करके बांग्लादेश को बढ़त दिला दी।

नेपाल ने 87वें मिनट में सुजान डांगोल के माध्यम से अंतिम समय में गोल करके नाटकीय वापसी की उम्मीद जगाई। हालांकि, बांग्लादेश ने अंतिम क्षणों में संयम बनाए रखा और एक संकीर्ण लेकिन योग्य जीत हासिल की और शिखर मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। दूसरे सेमीफाइनल में,गत चैंपियन भारत ने मालदीव के खिलाफ 3-0 की शानदार जीत के साथ SAFF 19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश किया, जो कि युपिया के गोल्डन जुबली स्टेडियम में उत्साही घरेलू दर्शकों के सामने और मूसलाधार बारिश के बीच हुआ। डैनी मीतेई लैशराम (14%), ओमंग डोडम (21%) और प्रशान जाजो (66%) के गोलों ने खिताबी मुकाबले में भारत की आसान जीत सुनिश्चित की, क्योंकि भारत ने एक बार फिर जीत और क्लीन शीट दोनों के मामले में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखा। फाइनल में बांग्लादेश का सामना भारतीय टीम से होगा। शुरुआत से ही भारत तेज, भूखा और पूरी तरह नियंत्रण में दिखाई दिया। गेंद पर कब्ज़ा जमाए रखने और गति को नियंत्रित करने के साथ, उन्होंने लगातार हमलों के साथ मालदीव को अपने ही हाफ में पीछे धकेल दिया।

# हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की



**नईदिल्ली,17 मई 2025।** हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की है जो 25 मई से 2 जून तक अर्जेंटीना के रोसारियो में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी।इस टूर्नामेंट में चार देश - अर्जेंटीना, उरुग्वे, चिली और भारत भाग लेंगे। दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी के तहत, भारतीय टीम अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने,टीम संयोजन का आकलन करने और रणनीतियों को परिष्कृत करने के लिए भाग लेने वाले प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी, जिन्हें कप्तान बनाया गया है जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान होंगी। चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी मिंज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में नामित किया गया है। डिफेंसिव यूनिट में ममिता ओरम, लालथंतलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, अनीशा साहू,रजनी केरकेट्टा,बिनिमा धन, खैदेम शिलेमा चानू,संजना होरो,सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा शामिल होंगी, जबकि हुडा खान और मुनमुनी दास को स्टैंडबाय मिडफील्डर के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। फॉरवर्ड लाइन में हिना बानो, सोनम, सुखवीर कौर,गीता यादव,लालरिनपुई,कनिका सिवाच और करमनप्रीत कौर शामिल हैं,जबकि सेलेस्टिना होरो को स्टैंडबाय फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। टीम के चयन के बारे में बात करते हुए,भारतीय जूनियर महिला टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा,हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं, खासकर जूनियर विश्व कप के छह महीने दूर होने के कारण। यह दौरा खिलाड़ियों को मूल्यवान अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्रदान करेगा। लंबे समय में,हम उन्हें सीनियर टीम में आसानी से जाने के लिए भी तैयार कर रहे हैं। यह बदलाव तभी संभव है जब वे विश्व कप जैसे प्रमुख टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करें, जो इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण बनाता है। भारत 25 मई को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली से भिड़ेगा।



### रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली,17 मई 2025।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने घोषणा की कि ऑलराउंडर रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि जोमेल वारिकन को उनका डिप्टी बनाया गया है। सीडब्ल्यूआई ने अपनी आधिकारिक विज्ञप्ति में एक मजबूत डेटा-संचालित चयन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला,जिसके कारण इस भूमिका के लिए छह उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया,जिनमें जॉन कैंपबेल,टेविन इमलाच,जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स,चेस और वारिकन शामिल हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन कई प्रमुख कारकों पर किया गया,जिसमें टेस्ट अनुभव,नेतृत्व गुण और पूर्व कप्तानी साख शामिल हैं।

# बुमराह कप्तानी के लिए एक स्वाभाविक विकल्प हैं: जाफर



**नई दिल्ली ,17 मई 2025।** भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में किसे नियुक्त किया जाना चाहिए, इस पर बहस के बीच, पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि शुभमन गिल को इंग्लैंड के आगामी दौरे पर टेस्ट टीम का नेतृत्व करना चाहिए, जब भी जसप्रीत बुमराह को आराम की आवश्यकता हो। इस महीने की शुरुआत में रोहित शर्मा द्वारा टेस्ट से संन्यास लेने की घोषणा के बाद, गिल को 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला में एक नए रूप वाली भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

# बागबान का बड़ा बेटा बना जादूगर! एक्टिंग छोड़ अब मैजिक से कमा रहा करोड़ों



क्या आपको बागबान में अमिताभ बच्चन के बड़े बेटे का किरदार निभाने वाले एक्टर अमन वर्मा याद हैं? फिल्म और टीवी शोज में काम कर चुके अमन वर्मा अब एक जादूगर बन गए हैं। हाल ही में उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है और कमाई को लेकर एक हिंट भी दिया है। बागबान 2003 की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसने सभी कलाकारों को मशहूर कर दिया था। फिल्म में एक कलाकार अमन वर्मा भी थे,जिन्होंने अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी के बड़े बेटे अजय मल्होत्रा का किरदार निभाया था। बागबान में अजय मल्होत्रा बने अमन वर्मा को इतनी पॉपुलैरिटी मिली कि वह कई हिंदी मूवीज में आए और उन्होंने कई टीवी शोज में भी काम किया। वह सलमान खान और अक्षय कुमार की फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। क्या आपको पता है कि करीब ढाई दशक फिल्मों और टीवी शोज में काम करने के बाद आज अमन वर्मा क्या कर रहे हैं?





# जब बस स्टॉप पर बेसहारा मिला 50 के दशक का स्टार

**अमिताभ बच्चन ने देखकर भी नहीं दी लिफ्ट,क्यों?**

जब भी हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार की बात होती है,राजेश खन्ना का नाम लिया जाता है। लेकिन,उनसे पहले भी कई अभिनेता आए, जिन्होंने ऐसी सफलता और स्टारडम देखा, जिसके लिए कई सितारे सालों-साल काम करते हैं। दिलीप कुमार, देव आनंद वे स्टार थे, जिनकी एक झलक के लिए फैंस पागल थे। इसी दौर में एक और अभिनेता बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने में जुटा था। ये अभिनेता थे भारत भूषण, जिन्होंने 1950 के दशक में बैजू बावरा और मिर्जा गालिब जैसी फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभाई और स्टारडम की ओर बढ़े। लेकिन, उनका स्टारडम ज्यादा दिनों के लिए नहीं रहा।

**कैसे खो दी दौलत-शोहरत?**

कुछ सालों तक बड़े पर्दे पर राज करने के बाद कुछ फिल्मों में निवेश में भारत भूषण ने अपनी दौलत-शोहरत खो दी। उन्होंने,जिन फिल्मों में निर्माता के तौर पर पैसे लगाए,वह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। इस नुकसान की भरपाई के लिए उन्होंने अपना बंगला, गाड़ी सब बेच दिया और मलाड में एक अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गए। कभी बड़े पर्दे पर राज करने वाले भारत भूषण आर्थिक तंगी का शिकार हो गए और इसी आर्थिक तंगी के साथ 1992 में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

अमिताभ बच्चन ने एक बार अपने एक ब्लॉग में भारत भूषण से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया और उस दिन को याद किया जब उनकी राह भारत भूषण से टकराई। अमिताभ बच्चन ने जैसे ही भारत भूषण को देखा वह उन्हें पहचान गए। बात तब की है, जब अमिताभ बच्चन अपने पतन से उबरे ही थे और स्टारडम की तरफ आगे बढ़े थे। एक सुबह जब वह काम पर जा रहे थे तो उन्होंने भारत भूषण को बस स्टॉप पर बिलकुल अकेले खड़े देखा। बिग बी ने भारत भूषण को बस स्टॉप पर बस का इंतजार करते देखा, लेकिन लिफ्ट देने के लिए अपनी कार नहीं रोकी। अपने ब्लॉग में बिग बी ने इसके पीछे की वजह के बारे में भी बताया।

**उन्हें कोई नहीं पहचान रहा था:अमिताभ बच्चन**

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा था- जब मैं एक सुबह काम के सिलसिले में सांताक्रूज से गुजर रहा था तो मैंने 50 के दशक के महान रोमांटिक हार्टथ्रोब,उस समय के कुछ सबसे सफल फिल्मों के हीरो, भारत भूषण को एक बस स्टॉप पर लाइन में खड़े देखा। एक साधारण नागरिक की तरह। भीड़ का हिस्सा होकर भी अकेला, अनजान। कोई भी उन्हें नहीं पहचान पा रहा था। भीड़ में खड़े नायक को कोई नहीं जानता था। किसी को नहीं पता था कि वह कौन था। बिग बी ने आगे लिखा- मैं रुकना चाहता था, उन्हें अपनी कार में बिठाकर उनके गंतव्य तक छोड़ना चाहता था, लेकिन हिम्मत ही नहीं जुटा सका। मुझे उस दौरान इस बात का डर था कि कहीं मैं उन्हें शर्मिंदा ना कर दूं और इसी डर के चलते मैं गाड़ी चलाता रहा। लेकिन, वह दृश्य आज भी मेरे साथ है और हमेशा रहेगा। यह किसी के साथ भी हो सकता है। हममें से किसी के भी साथ हो सकता है।

### रणबीर कपूर की रामायण से जुड़ीं काजल अग्रवाल



नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म रामायण की पिछले लंबे समय से चर्चा हो रही है। जब से रणबीर कपूर की इस फिल्म का ऐलान हुआ है,प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है।फिल्म में रणबीर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं,वहीं साई पल्लवी को माता सीता के किरदार के लिए चुना गया है। सुपरस्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका में दिखाई देंगे।अब रामायण में अभिनेत्री काजल अग्रवाल की एंट्री हो चुकी है।रिपोर्ट्स के अनुसार,अब काजल फिल्म रामायण की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। वह फिल्म में रावण (यश) की पत्नी मंदोदरी की भूमिका में नजर आएंगी।फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने वाली है। यह पहला मौका पर जब यश और काजल एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे। इससे पहले खबर आई थी कि मंदोदरी की भूमिका के लिए अभिनेत्री साक्षी तंवर से बातचीत चल रही है। हालांकि, उन्होंने खुद इन अफवाहों का खंडन किया।लक्ष्मण के किरदार के लिए पहले ही रवि दुबे के नाम पर मुहर लग चुकी है। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है। सनी देओल भगवान हनुमान बने नजर आ सकते हैं।

# शराब घोटाला मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू का छापा

» प्रदेश के अलग-अलग 15 ठिकानों पर दबिश...
» पूर्व मंत्री कवासी लखमा और करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी...
» शराब घोटाले और आय से अधिक संपत्ति के मामलों की जांच...




**रायपुर,17 मई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर शराब घोटाला मामले को लेकर एसीबी-ईओडब्ल्यू ने छापेमारी की है। शनिवार की एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा है। राजधानी रायपुर, दंतेवाड़ा,अंबिकापुर,सुकमा,तोंगपाल और जगदलपुर समेत लगभग 15 ठिकानों पर ईओडलब्यू की टीम ने दबिश दी है। सुकमा जिला मुख्यालय में चार ठिकानों पर रेड कार्रवाई की गई है।

### लगभग 100 अफसरों की अलग-अलग टीमों ने छापा मारा

#### दंतेवाड़ा का कांग्रेस नेता राजकुमार तामो

बताया जा रहा है कि दंतेवाड़ा में जिस कांग्रेस नेता के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम रेड की कार्रवाई कर रही है, वो कवासी लखमा का खासमखास रहा है। कवासी लखमा का करीबी होने के चलते उसके ठिकानों पर घोटाले के सबूत जुटाने टीम पहुंची है ऐसा माना जा रहा है। ये भी बताया जा रहा है कि सुकमा जिले में करीब 4 जगहों पर छापे की कार्रवाई की है। जिसमें जिला मुख्यालय में तीन और तोंगापाल में 1 जगह पर रेड की कार्रवाई चल रही है।

### घोटाले से जुड़े कई हाई प्रोफाइल लोगों के नाम अंबिकापुर में ब्रह्मरोड पर रेड

शहर के बड़े कारोबारी धजाराम अशोक कुमार के ठिकानों पर आईटी की टीम ने दबिश दी है। सुबह के वक्त ही आईटी की टीम ने व्यापारी के ब्रह्मरोड मकान पर रेड किया। आईटी की टीम लगातार मौके पर दस्तावेजों को खंगालने का काम कर रही है। बताया जा रहा है कि टैक्स में अनियमितता से जुड़ा मामला हो सकता है। इसके अलावा अंबिकापुर में कांग्रेस के नेता और ठेकेदार द्वितेंद्र मिश्रा के श्री कंस्ट्रक्शन और कल्याण ट्रेडर्स पर भी आईटी टीम ने दबिश दी है।

## सकुमा जिले में 4 ठिकानों पर छापे

कोतवाली थाना क्षेत्र के बसंतलाल गली स्थित उनके निवास पर सुबह तीन गाड़ियों में पहुंची एसीबी की टीम ने जांच शुरू की। सुकमा में लखमा के ड्राइवर बशीर के घर पर भी छापे की कार्रवाई की गई है। सुकमा जिला मुख्यालय में भी एक हार्डवेयर दुकानदार के घर छापेमारी की। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। जिला मुख्यालय में चार अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। सभी स्थानों पर जांच जारी है और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है.

# कौशल्या विहार में आरडीए की कई एकड़ जमीन से हटाया गया बेजा कब्जा

**रायपुर,17 मई 2025(ए)।** कौशल्या विहार क्षेत्र में रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए), नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम ने जमीनों पर अवैध अतिक्रमण करके किये गए निर्माण कार्यों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। यहां चंदखुरी स्थित आरडीए की 26 एकड़ जमीन पर वर्षों से अवैध रूप से बने मकानों और नए निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

### जिनके पास घर नहीं, वे बीएसयूपी में होंगे शिफ्ट

एसडीएम नंद कुमार चौबे ने बताया कि यहां के लोगों को प्रशासन की ओर से लगातार नोटिस जारी किया जा रहा है,मगर लोग गंभीरता से नहीं ले रहे थे,जिसके बाद यह कार्रवाई की जा रही है। जिन नए निर्मित मकानों में लोग रह रहे थे,जिनके पास घर नहीं है,उन्हें बीएसयूपी में शिफ्ट किया जाएगा। जिनके बस्ती में घर हैं वो वहां शिफ्ट होंगे। इन अवैध कब्जाधारियों पर एफआईआर भी होगी।अवैध निर्माण ध्वस्त करने की कार्रवाई के दौरान मौके पर एसडीएम नंदकुमार चौबे,आरडीए और नगर निगम के अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। यह जमीन आरडीए की स्वामित्व वाली है,जिस पर लोगों ने बिना अनुमति के कब्जा कर लिया था।



### निजी बताकर फर्जी तरीके से बेची गई जमीन

कमल विहार में सरकारी जमीन को निजी बाता कर लोगों को बेच दिया गया था। अब 1 साल बाद जब वहां पर मकान बन गए उसके बाद जोन से अधिकारी और पूरी टीम ने आकर उस जगह को कब्जा मुक्त करवाया है। लोगों का आरोप है कि इतने दिनों से यहां पर कोई कार्रवाई नहीं हुई,ना कोई नोटिस दी गयी। अचानक आकर सुबह-सुबह मकान तोड़ा गया है और यह जमीन प्राइवेट जमीन बोलकर बेचा गया और इसकी रजिस्ट्री की गई थी। ।
इस बीच यह भी सामने आया है कि कुछ लोगों को फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए धोखाधड़ी कर जमीन बेची गई। कौशल्या विहार क्षेत्र में रहने वाले पप्पू खान और समा बेगम ऐसे ही फर्जी जमीन दलालों के शिकार हुए हैं। पप्पू ख़ान ने बताया कि उन्होंने दो वर्ष साल पहले कर्ज लेकर लगभग एक लाख रुपये में उक्त भूमि खरीदी थी और धीरे-धीरे मकान का निर्माण करवा रहे थे। जब प्रशासनिक टीम ने दस्तावेजों की जांच की, तो वे फर्जी पाए गए।प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए फर्जी ज़मीन विक्रेताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी है। साथ ही उन्हें अभी समान के साथ शिफ्ट किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा है कि रायपुर शहर में जहां कहीं भी अवैध निर्माण पाए जाएंगे,वहां प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### दुर्घटना में ट्रक के सामने पहिया हुआ क्षतिग्रस्त



**चारामा,17 मई 2025(ए)।** सायकल सवार को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सामने लगे डिवाइडर में जा घुसा। हादसे में ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रक चालक भी सुरक्षित है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभाला। कांकेर जिले में शनिवार की सुबह करीब 6 बजे नेशनल हाइवे-30 में चारामा-कोरर चौक पर ट्रक डिवाइडर से जा टकराया। नारियल से भरा ट्रक जगदलपुर से धमतरी की ओर जा रहा था। सायकल सवार दरगाहन जा रहा था। ट्रक जगदलपुर की और तेज गति से धमतरी जा रहा था वही सायकल सवार अचानक ट्रक के सामने आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सामने लगे डिवाइडर में जा घुसी। जिससे ट्रक के सामने की हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

### दंपति गांजा के साथ गिरफ्तार



**रायपुर,17 मई 2025(ए)।** दंपति गांजा के साथ गिरफ्तार किए गए है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन के बाजू एक्सप्रेस-वे रोड के पास कुछ व्यक्ति अपने पास गांजा रखे है और कही जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल,नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली केशरनंदन नायक एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और थाना प्रभारी गंज को आरोपियों को गांजा के साथ रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया।

### 3 साल की मासूम से रेप




#### हालत देखकर रो पड़े डॉक्टर

**दंतेवाड़ा,17 मई2025(ए)।** जिले में एक 14 साल के नाबालिग लड़के ने 3 साल की नाबालिग से रेप किया है। बच्ची को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल लाया गया था। उसकी हालत ऐसी थी कि डॉक्टर भी देखकर रो दिए। वहीं पुलिस ने एफ .आई.आर. दर्ज की और 14 साल के नाबालिग को हिरासत में लेकर बाल सुधारगृह भेज दिया है।

# नगरीय निकायों में पर्याप्त अमले का अभाव जल्द होगा दूरःअरुण साव

**बिलासपुर,17 मई 2025 (ए)।** नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने घोषणा की है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में लंबित पदोन्नति और नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है,जिससे विभाग में पर्याप्त अमले के अभाव को दूर किया जा सकेगा। वे बिलासपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए और संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए यह बात कही।
उप मुख्यमंत्री साव ने इस अवसर पर कहा कि,विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद मेरी पहली प्राथमिकता अनुकंपा नियुक्ति,दूसरी पदोन्नति,और तीसरी नई नियुक्तियां व भर्ती की रही। उन्होंने बताया कि,मेरे




विभाग के सभी कार्य को प्राथमिकता में लेकर पूरा किया है। लंबित मामलों का समाधान किया है। लोक निर्माण विभाग में सारे पदोन्नति के कार्य पूर्ण हो गए हैं। मेरा मानना है कि पहले अधिकारियों और कर्मचारियों को उनका हक मिलना चाहिए।
साव ने बताया कि वर्तमान में नगरीय निकाय में सभी पदोन्नति की कार्यवाही चल रही है। भर्ती की प्रकिया भी प्रारंभ की है। पी डब्लू डी और पी एच ई में भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि जब तक पर्याप्त अमले का अभाव होगा तो काम नहीं होगा।साव ने कहा कि लंबे समय से नगरीय निकाय का वर्गीकरण नहीं हुआ है। इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। सेटअप के पुनर्निधारण के लिए प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे बदलाव की कोशिश की है,जिसका लाभ प्रदेश की जनता को मिला है। सुबह फील्ड में निकलने से विभाग को तो लाभ हुआ है,साथ ही अधिकारियों को व्यक्तिगत लाभ हुआ है। इससे नगर चलाने में बहुत मदद मिली होगी।
उप मुख्यमंत्री साव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को याद दिलाया कि वे अपनी मेहनत और योग्यता से व्यापम के माध्यम से चुने जाते हैं,इसलिए उनके पास अपने नगरों में काम करके दिखाने और जनता का आशीर्वाद पाने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि आप अपने काम से उस नगर में जाने जाएंगे। उन्होंने संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश गुप्ता,उपाध्यक्ष पूजा पिल्लई,कोषाध्यक्ष श्री खजांची कुमार,सचिव सुशील, सह सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव को नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि नया नेतृत्व विभाग के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक होगा। इस अवसर पर संयुक्त संचालक रायपुर लोकेश्वर साहू, राकेश जायसवाल, मिथलेश अवस्थी,संघ नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।



# छत्तीसगढ़ में तुर्की के सेब का बहिष्कार

**बिलासपुर,17 मई2025 (ए)।** पाकिस्तान का साथ देने के बाद छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के कारोबारियों ने भी तुर्किये के सेब और संगमरमर के बहिष्कार का फैसला लिया है। बिलासपुर के फल मंडी और फल विक्रेता संघ ने तुर्किये का विरोध करते हुए वहां के सेब नहीं बेचने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में सालाना 25 करोड़ रुपए से अधिक का सेब आता है। लेकिन अब व्यापारी तुर्किये से सेब नहीं मंगवाएंगे। पहलगाम हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ तुर्किये ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। इससे व्यापारियों को भारी निराशा हुई। यही वजह है कि देश भर में तुर्किये के सेब फल के साथ ही वहां से आने वाले संगमरमर का विरोध शुरू हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये का भारत को लेकर हालिया राजनीतिक रुख स्वीकार नहीं किया जाएगा। हमने वर्षों तक इस देश के व्यापार का समर्थन किया। लेकिन इसने हमारी राष्ट्रीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है।

# काली सूची से बाहर आ चुकीं कंपनियों को टेंडर भरने से नहीं रोका जा सकता

### सीजीएमएससीएल की शर्त को अतार्किक बताते हुए किया रद्द

**बिलासपुर,17मई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी दो स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े टेंडरों की कुछ शर्तों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। ये शर्तें उन बोलीदाताओं को भाग लेने से रोक रही थीं, जो पहले कभी ब्लैकलिस्ट हुए थे, भले ही उनकी ब्लैकलिस्टिंग की अवधि पूरी हो चुकी हो।



### मनमानी नहीं होनी चाहिए शर्तें

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि टेंडर की शर्तें तय करने का अधिकार राज्य को है, लेकिन ये शर्तें मनमानी या अतार्किक नहीं होनी चाहिए, ताकि योग्य और इच्छुक बोलीदाताओं की भागीदारी प्रभावित न हो।

### जेएईएस ने दायर की थी याचिकाएं

यह मामला जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर दो याचिकाओं से जुड़ा है। इसके तहत 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा और हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट से संबंधित टेंडरों की शर्तों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता कंपनी पहले छत्तीसगढ़ में 108 सेवा का संचालन कर चुकी है। उसको एक पुराने प्रकरण में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 2022 में किए गए ब्लैक लिस्टिंग करने के आदेश के आधार पर नए टेंडर से बाहर कर दिया गया था। जबकि वह ब्लैकलिस्टिंग आदेश अब अमान्य हो चुका था। कंपनी ने यह भी कहा कि टेंडर में कभी भी ब्लैकलिस्ट नहीं हुए हैं जैसे हलफनामे की शर्त अतार्किक है, क्योंकि इससे वे सभी कंपनियां भी बाहर हो जाती हैं, जिनकी ब्लैकलिस्टिंग की अवधि पूरी हो चुकी है।कोर्ट ने दोहराया कि राज्य और उसके उपक्रमों को सार्वजनिक खरीद में विवेक का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार पूर्णतः निरंकुश नहीं हो सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई कंपनी पहले ब्लैकलिस्ट की गई थी और उसकी अवधि पूरी हो चुकी है, तो वह अन्य सभी योग्यताओं को पूरा करने पर टेंडर प्रक्रिया में भाग ले सकती है।



# पत्थरों के बीच फंसी मासूम हाथी की बची जान

### धर्मजयगढ़ वन मंडल में वन विभाग की सतर्कता और प्रयास से हुआ सफल रेस्क्यू,मां से मिलते ही मची खुशी की हलचल

**धर्मजयगढ़ छत्तीसगढ़,17 मई2025(ए)।** बकरुमा रेंज के घने जंगलों में कुछ दिनों पूर्व वन विभाग ने एक ऐसा कार्य कर दिखाया,जो वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में मिसाल बन गया। दो विशाल पत्थरों के बीच फंसी एक मादा हाथी की बच्ची को वन अमले ने सूझबूझ और धैर्य से बचाया और सुरक्षित रूप से उसकी मां से मिलवाया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण था,बल्कि भावनात्मक रूप से भी बेहद संवेदनशील। जानकारी के अनुसार,जंगल में विचरण करते समय यह हाथिनी का बच्चा अचानक फिसलकर दो बड़े पत्थरों के बीच फंस गया। गश्ती पर निकली टीम की नजर जब इस पर पड़ी,तब वह डरी और सहमी हुई हालत में थी,कोंई हरकत नहीं कर पा रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारी ने बताया कि उन्होंने हाथियों के व्यवहार और पारिवारिक प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए पूरे संयम के साथ काम किया। कई घंटों की मेहनत के बाद जब बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला गया और कुछ ही देर में वह अपनी मां के पास पहुंची,तो वह क्षण अत्यंत भावुक कर देने वाला था।




# छत्तीसगढ़ में तेज बारिश,तेज हवाओं और वज्रपात का अलर्ट

**रायपुर,17 मई2025 (ए)।** गर्मी और उमस से परेशान छत्तीसगढ़वासियों को थोड़ी राहत मिलने वाली है। दरअसल शुक्रवार को गर्मी और उमस के बाद रात प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई,जिससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई।
वहीं मौसम विभाग ने आज भी कई इलाकों में गरज-चमक,तेज हवा (60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार) और बारिश की संभावना जताई है। आगामी 5 दिन प्रदेश में मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन के साथ तेज हवाएं और हल्की से मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना जताई गई है। साथ ही अधिकतम तापमान में कोई बदलाव होने के आसार नहीं है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सबसे ज्यादा गर्म बिलासपुर रहा,यहां 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया।मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर,मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र,दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से,अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले दो से तीन दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर बांग्लादेश तक पूर्वी उत्तर, प्रदेश बिहार,उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल होते हुए 0। 9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में आज बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है।
प्रदेश में आज एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसी के साथ एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। इसके अलावा अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अलर्ट जारी किया है। अगले 3 घंटों में बालोद,बस्तर,बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी,दुर्ग,गरियाबंद, कांकेर, खैरगढ़ छुईखदान गंडई, कोंडागांव,महासमुंद,मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, नारायणपुर, रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा में अलग-अलग स्थानों पर तेज हवा (40-60 किमी प्रति घंटे) के साथ मध्यम गरज और बारिश होने की संभावना जताई गई है।
मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी रायपुर में आज आकाश आंशिक मेघमय रहने और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम 41 डिग्री सेलियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)